दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 118 | ग्वालियर शनिवार, 11 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

एक नजर

5 रुपये में खाना, पढ़ने वालों को स्मार्टफोन और स्कूटी, जानें त्रिपुरा के लिए बीजेपी के घोषणापत्र की मुख्य बातें

5 रुपये में खाना, पढ़ने वालों को स्मार्टफोन और स्कूटी, जानें त्रिपुरा के लिए बीजेपी के घोषणापत्र की मुख्य बातें त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने गुरुवार (9 फरवरी) को अपना संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया. राज्य की सत्ता में लगातार दूसरी बार आने के लिए पार्टी की ओर से कई लोक लुभावन वादे किए गए. बता दें कि बीजेपी %उन्नत त्रिपुरा, श्रेष्ठ त्रिपुरा विजन के साथ अपने चुनावी अभियान को अंजाम दे रही है. इसी अभियान के तहत जारी किए गए चुनावी घोषणा पत्र में आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं, आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और किसानों पर फोकस किया गया है. बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में क्या-क्या वादे किए गए, आइए इन प्वाइंट्स में समझते हैं.

बीजेपी के घोषणापत्र की बड़ी बातें-धार्मिक गुरु अनुकुल चंद्र के नाम पर सभी के लिए सस्ते पके हुए भोजन की योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत सभी के लिए पांच रुपये में भोजन मिलेगा.

परिवार को बेटी के जन्म पर 50,000 रुपये का 'बालिका समृद्धि बांड' दिया जाएगा.

कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी.

कॉलेज जाने वाले 50,000 छात्रों को स्मार्टफोन दिए जाएंगे.

पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे.

सभी पात्र भूमिहीन नागरिकों के जमीन के पट्टे किए जाएंगे.

भूमिहीन किसानों को 3,000 रुपये प्रति वर्ष की वित्तीय सहायता दी जाएगी.

चूंकि विधानसभा की एक तिहाई सीटों (20) में आदिवासी मतदाता निर्णायक की भूमिका निभाते हैं, इसलिए आदिवासी क्षेत्रों को ज्यादा स्वायत्तता दी जाएगी.

त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद का पुनर्गठन किया जाएगा ताकि प्रस्तावित 125वें संविधान संशोधन विधेयक के ढांचे के भीतर अधिक स्वायत्तता और अतिरिक्त विधायी, कार्यकारी, प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां प्रदान की जा सकें.

त्रिपुरा जनजाति विकास योजना के तहत अनुसूचित जनजाति (स्ज्ञह्य) के परिवारों को 5,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता दी जाएगी.

जनजातीय संस्कृति और अध्ययन के अनुसंधान, प्रचार और संरक्षण के लिए गंडाचेर्रा में महाराजा बीर बिक्रम माणिक्य जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा.

अगरतला में एक क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान की स्थापना की जाएगी.

सीबीएसई और आईसीएसई पाठ्यक्रम में आदिवासी भाषा 'कोकबोरोक' को विषय के रूप में शामिल किया जाएगा.

रबर और बांस पर आधारित उद्योग-विशिष्ट विनिर्माण क्षेत्र स्थापित किए जाएंगे.

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये किया जाएगा. इसमें बढ़ाए जाने वाले 2,000 रुपये राज्य सरकार देगी.

आदिवासियों के लिए प्रथागत न्यायालय स्थापित किए जाएंगे ताकि आदिवासी प्रथागत कानूनों और प्रथाओं का संरक्षण हो सके.बता दें कि बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने पारंपरिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बजाय एक बड़े सभागार में अपने कार्यकर्ताओं के सामने घोषणापत्र जारी किया, जिसमें नौकरी या राज्य के 1.9 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन और महंगाई भत्ता देने के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया. घोषणापत्र जारी करने के बाद नड्डा ने पत्रकारों से कहा, ''हम त्रिपुरा को विकास (डिवेलपमेंट), परिवर्तन (ट्रांसफॉर्मेशन) और सद्भाव (हॉरमनी) के रास्ते पर ले जाएंगे.'' त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए 16 फरवरी को मतदान होगा. मतगणना दो मार्च को होगी. इस दिन त्रिपुरा के अलावा दो और पूर्वोत्तर राज्यों- मेघालय और नगालैंड के नतीजे भी घोषित किए जाएंगे.

पव्वा गैंग के दो बदमाश मुठभेड़ में घायल, पुलिस को देखकर करने लगे फायरिंग

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बिसरख थाना पुलिस और बदमाशों के बीच दिनदहाड़े मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिससे वो घायल हो गए. दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. यह लोग पव्वा गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं, जो आए दिन एनसीआर क्षेत्र में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे.बिसरख थाना पुलिस के द्वारा पुस्ता रोड के पास चेकिंग की जा रही थी. उसी समय एक बाईक पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वह लोग नहीं रुके. उन्होंने अपनी बाईक को उल्टी दिशा में दौड़ाना शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उनका पीछा करने की कोशिश की. जैसे ही पुलिस ने पीछा करने की कोशिश की, तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और बाईक छोड़कर भागने लगे. इस दौरान आरोपी पुलिस पर फायरिंग करते रहे, जिसके बाद पुलिस ने भी दोनों बदमाशों पर जवाबी फायरिंग की.

मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल-पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए. पुलिस ने दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में पकड़ लिया. बदमाशों की पहचान रितिक और प्रेम के रूप में हुई. यह दोनों ही गाजियाबाद के रहने वाले हैं. पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से स्नैचिंग किए हुए 6 मोबाइल फोन, दो तमंचे, जिंदा कारतूस और एक बाईक बरामद की.-एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि 10 फरवरी को मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार किए गए. उपचार के लिए दोनों बदमाशों को अस्पताल भेजा गया. ये लोग पव्वा गैंग के सक्रिय सदस्य हैं, इन पर एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं. यह लोग दिल्ली एनसीआर, गाजियाबाद और नोएडा ग्रेटर नोएडा में दर्जनों लूटपाट की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं. फिलहाल इनके आपराधिक इतिहास के बारे में और ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है.

राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, गर्लफ्रेंड के भाई के लिए रची साजिश

दिल्ली मेट्रोको बम से उड़ाने की धमकी के पीछे गर्लफ्रेंड कनेक्शन सामने आया है. गर्लफ्रेंड के भाई बिलाल को फंसाने के लिए यह पूरी साजिश रची गई थी. साजिश के इस पूरे खेल में रामदास घोड़के उर्फ बाबा जान मूसा और उसकी पत्नी विद्याशंकर धोत्रे उर्फ जार्ड सतन शामिल थे. यह मामला रामजन्मभूमि मंदिर से जुड़ा था इसलिए अयोध्या पुलिस तुरंत हरकत में आई और इस पूरे मामले का खुलासा हो गया और साजिश की सारी कड़ियां खुल गई. अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर और दिल्ली मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी के पीछे साजिश का गहरा ताना-बाना बुना गया था. अनिल रामदास घोड़के उर्फ बाबा जान मूसा उर्फ सैटर्नरा हेल की गर्लफ्रेंड ने जब उसकी बात मानने से इंकार कर दिया तो बाबा जान मूसा ने उसे और उसके परिवार को बम से उड़ाने की धमकी दे डाली.

क्या है पूरा मामला-दरअसल,

सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम की माने तो बाबा जान मूसा ब्लैकमेलिंग के काले धंधे से जुड़ा है और वह अपनी गर्लफ्रेंड को भी ब्लैकमेल कर रहा था और जब उसकी गर्लफ्रेंड ने मना किया तो उसके परिवार को फंसाने के लिए यह पूरी साजिश रची गई. यहीं से बिलाल उर्फ इसराइल की एंट्री हुई. बाबा मूसा ने अपनी पत्नी विद्याशंकर धोत्रे उर्फ जार्ड सतन के साथ बिलाल को फंसाने के लिए पूरी साजिश का ताना बाना बुना.महाराष्ट्र के चेम्बूर के रहने वाला बाबाजान मूसा इंटरनेट और कंप्यूटर का बेहद जानकार है. उसने दिल्ली में रहने वाले बिलाल के मोबाइल नंबर को दूसरे मोबाइल पर स्वैपिंग कर इंटरनेट से नेट कॉलिंग के जरिए धमकी देने के लिए इस्तेमाल किया. बाबा जान की योजना थी कि जब नंबर ट्रैक होगा तो धमकी देने वाला नंबर बिलाल का आएगा जिसके बाद बिलाल पुलिस की गिरफ्त में होगा और घर का कमाने वाला सदस्य जेल चला जाएगा तो उसकी गर्लफ्रेंड का परिवार मुसीबत में आ जाएगा. मगर अयोध्या पुलिस की सक्रियता के चलते और एसएसपी मुनिराज के द्वारा खुद इस मामले की निगरानी करते रहने के कारण बाबाजान की पूरी साजिश का खुलासा हो गया.

ऐसे खुला सारा खेल-अयोध्या क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र प्रताप गौतम ने बताया कि 2 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने रामलला सदन के मनोज कुमार को सूचना दी गई. जो प्रयागराज में कल्पवास कर रहे थे कि आज राम मंदिर को उड़ा दिया जाएगा. यह सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी. स्थानीय पुलिस को सूचना प्राप्त हुई तो प्रभारी पुलिस अधीक्षक उप महानिदेशक ने एक टीम का गठन किया और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया. जब नंबर के स्त्रोत का पता किया गया तो उसमें बिलाल नाम के एक व्यक्ति का नाम सामने आया जो दिल्ली का रहने वाला था. जब बिलाल से दिल्ली में जाकर पूछताछ की गई तो घटनाक्रम इस तरीके से प्रकाश में आया कि उसकी बहन का किसी लड़के के साथ कुछ चल रहा था, उस लड़के ने बिलाल को फंसाने के उद्देश्य से इंटरनेट कॉलिंग करके यह सूचना दी थी. यहां पर सूचना दी और उसके बाद इन्होंने दिल्ली मेट्रो को भी उड़ाने की सूचना दी थी दिल्ली में भी इस विषय में है पंजीकृत है वहां की एजेंसियां भी इसमें जांच कर रही हैं. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

बीजेपी सांसद के बाद अब विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी लखनऊ का नाम बदलने की उठाई मांग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में कई शहरों के नाम बदले गए. इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया. लंबे समय से प्रदेश की राजधानी लखनऊ का नाम बदलने की मांग भी उठती आ रही है. फिलहाल प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता ने हाल ही में लखनऊ का नाम बदलकर लक्ष्मण नगरी या फिर लक्ष्मणपुरी करने की मांग की थी. बीजेपी सांसद द्वारा नाम बदलने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी गई थी.प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद संगम लाल गुप्ता को गाजियाबाद के लोनी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर का समर्थन मिला है.

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि सांसद संगम लाल गुप्ता की मांग पूरी तरह से जायज है और हम इसका भरपूर समर्थन करते हैं. प्रदेश की जनता की मांग के मुताबिक पहले भी यूपी में कई शहरों के नाम दुरुस्त किए जा चुके हैं.

विधायक नंदकिशोर ने कही ये बात-विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लखनऊ का ऐतिहासिक और पौराणिक इतिहास देखते हैं तो लक्ष्मण की राजधानी लखनऊ थी. प्रदेश की राजधानी का नाम लखनऊ से बदलकर लक्ष्मणपुरी या फिर लक्ष्मण नगरी किया जाएगा तो इससे प्रदेश का ही फायदा होगा. भगवान लक्ष्मण के नाम पर नाम पढ़ने से प्रदेश में एक नई ऊर्जा का आगमन होगा. भगवान लक्ष्मण ऊर्जा के मालिक हैं. गाज़ियाबाद का नाम बदलने की भी लंबे समय से मांग हो रही है. हम लोनी का नाम बदलकर भगवान परशुराम के नाम पर परशुराम नगर रखने की भी लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं. लोनी के लोग चाहते हैं कि लोनी का नाम अब परशुराम नगर होना चाहिए.

यूपी की राजनीति में तूफानी हलचल! केशव प्रसाद मौर्य के बाद एक और मंत्री ने किया अखिलेश यादव का समर्थन

बिहार के बाद अब उत्तर प्रदेश में जातिगत जनगणना की मांग तेज होते जा रही है. बीते कुछ दिनों से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादवइसकी मांग कर रहे हैं. जबकि राज्य के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव की मांग का समर्थन किया है. वहीं अब योगी सरकार के एक और मंत्री ने जातिगत जनगणना की मांग पर सपा प्रमुख का समर्थन कर दिया है. दरअसल, बीते दिनों अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना की मांग को लेकर गांव-गांव जाने की बात कही थी. जिसके बाद केशव प्रसाद मौर्य से इस मांग पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था, ÷जातिगत जनगणना होनी चाहिए. मैं जातिगत जनगणना का समर्थन करता हूं. इसमें कुछ भी गलत नहीं है.÷ लेकिन अब योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद ने भी सपा प्रमुख की इस मांग का समर्थन किया है. मंत्री का बयानसंजय निषाद से जब इसपर सवाल हुआ तो उन्होंने कहा, ÷मैं कहता हूं कि जातियों की जनगणना होनी चाहिए. लेकिन जातियों की विसंगती जो पिछली सरकारों ने गलत की है. हम अनुसूचित जाति में 70 लाख थे और मधवार के नाम से गिने जाते थे. लेकिन इन लोगों ने हमें गिनते गिनते सात हजार कर दिया. हमारा नाम फर्जी पिछड़ी में डाल दिया. वो जातियों को स्थापित करिए कि कहां गिनेंगे.

यूपी के लिए टाटा-बिड़ला और अंबानी ने कर दी सौगातों की बौछार, इतने करोड़ रुपये का करेंगे निवेश

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 10 फरवरी से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आगाज हो गया. इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया. इस दौरान वहां देश के कई दिग्गज उद्योगपति और नेता मौजूद थे. यह कार्यक्रम 12 फरवरी तक चलेगा. इस दौरान देश के बड़े उद्योगपतियों ने यहां सौगातों की झड़ी लगा दी. रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानीआदित्य बिड़ला ग्रुप चेयरमैन मंगलम बिड़लाटाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरनने यूपी को बड़ी सौगात दी.

मुकेश अंबानी की बड़ी सौगात-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बड़ा एलान किया है. उन्होंने उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ का बड़ा निवेश करने की घोषणा की. इस निवेश के बाद 1 लाख रोजगार पैदा होने का अनुमान भी लगाया जा रहा है. यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मुकेश अंबानी ने कहा कि आने वाले 5 सालों में उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा. उन्होंने यूपी में 10 त्न्ह्व की रिन्यूबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने की बात कही.

यूपी के इस मंदिर में मेंढक की होती है पूजा, शादीशुदा जोड़े की लिए है आस्था का केंद्र

आपने बहुत से ऐसे ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिरों के बारे में सुना होगा, जो काफी रहस्यमयी हो या फिर अपने पीछे कोई बड़ी मान्यता हो. हालांकि आज हम जिस मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, उसके इतिहास को जानकर आप जरूर चौंकने वाले हैं. यह मंदिर काफी रहस्यमय है और अद्भुत खासियत रखता है. जी हां, यह प्राचीन मंदिर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में स्थित है, जो कि मांडूका मंदिर के नाम से जाना जाता है. इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि यहां मेंढक की पूजा की जाती है

मेरी सरकार आने दीजिए, काम करने का तरीका सिखाएंगें, पुराने अंदाज में नजर आए सपा नेता शिवपाल यादव

समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव रायबरेली पहुंचे. यहां उन्होंने पार्टी के विधायक राम सिंह पटेल के आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट की. यहां उन्होंने हत्या के आरोपी आरपी यादव के जेल जेल ट्रांसफर होने पर कहा कि सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मेरे पत्र के बाद जेल से दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया. इस दौरान सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने लखनऊ में हो रहे इन्वेस्टर समिट पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग झूठ हैं. इन्वेस्टमेंट की सच्चाई बाद में पता चलेगा. इस दौरान सपा नेता शिवपाल यादव पुराने अंदाज में नजर आये. उन्होंने कहा कि मेरी सरकार आने दीजिए, काम करने का तरीका हम सिखाएंगें. वहां उनसे रामचरितमानस पर चल रहे विवाद को लेकर भी सवाल किया गया. स्वामी प्रसाद मौर्य की शूद्र के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था यह उनका व्यक्तिगत मामला है. अखिलेश यादव के खुद को शूद्र और स्वामी प्रसाद मौर्य का कद शिवपाल के बराबर कर देने के सवाल पर उन्होंने गोल-गोल जवाब देकर टाल दिया.

14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के दिन बंगाल में छुट्टी के पीछे ममता सरकार का है सियासी मंशा, एक तीर से कई निशाने

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राज्य में 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन दिवस के दिन सार्वजनिक छुट्टी का ऐलान कर दिया है. ममता ने अपनी तरफ से इसे लेकर कहा है कि समाज सुधारक और राजवंशी नेता पंचानन वर्मा की जयंती पर वैलेंटाइन डे के दिन राज्य में अवकाश रहेगा. दरअसल, 14 फरवरी को एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की तरफ से गाय को गले लगाने के दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई है तो सवाल यह है कि इसके बाद भी आखिरकार ममता बनर्जी ने ऐसा क्यों किया? अब इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा हो रही है.

वोट के लिए ममता ने पहले भी की है ऐसी घोषणाएं-ये सवाल स्वाभाविक रूप से उठेंगे चूंकि अगर आप पहले से कोई अघोषित छुट्टी नहीं है और उसके आधार पर आप छुट्टी करते हैं और उससे जुड़े हुए ऐसे दिन होते हैं तो कई प्रकार कि आशंकाएं उठती हैं. ममता बनर्जी की राजनीति हमने देखी है कि वामपंथियों के, कांग्रेस के, मुसलमानों के और संपूर्ण सेक्यूलर वोट को हड़पने की दृष्टि से पहले भी उन्होंने अनेक ऐसे कदम उठाए हैं जिनकी आवश्यकता प्रदेश को नहीं है. उसका राजनीतिक लाभ उनको मिला है. उन्होंने कहा कि इस समय पश्चिम बंगाल की राजनीति यह है कि ममता बनर्जी के मंत्री, उनकी पार्टी के नेता व काम करने वाले कार्यकर्ता, कई पूर्व ब्यूरोक्रैट्स एक से एक भ्रष्टाचार में फंसे हैं. उनके खुद के परिवार के में भतीजे और उनकी पत्नी से पूछताछ हो चुकी है. उनके विरुद्ध जांच चल रही हैं. तो ऐसी स्थिति में कई कदम सरकारें उठाती हैं जिनसे तात्कालिक रूप से उनको राजनीतिक लाभ मिले.

लेकिन पंचानन वर्मा राजवंशियों के एक महान समाज सुधारक थे जिन्होंने समाज में प्रचलित अनेक प्रकार के

जो अंधविश्वास थे आपस के मेल-जोल में, छुआ-छूत की दृष्टि से उन सब पर उन्होंने पश्चिम बंगाल में काफी काम किया था. बंगाल में ही नहीं पूरे देश में उनका सम्मान है. जो लोग पश्चिम बंगाल को जानते हैं वो उस क्षेत्र को जानते हैं जो राजवंशियों के लिए माना जाता है. लेकिन पिछले वर्ष उनकी जयंती रविवार के दिन पड़ा था जिस वजह से लोगों को उस रूप में यह ध्यान में नहीं आया. लेकिन इस बार उनकी जयंती सोमवार को है और अगर वो सिर्फ सोमवार को छुट्टी करतीं तो माना जाता कि चलो उन्हीं कि दृष्टि से है लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि 14 को वैलेंटाइन दिवस मनाया जाता है तो फिर इस दिन अवकाश देने का और क्या औचित्य हो सकता है.

इसके अलावा, तो ममता जी को स्पष्ट करना चाहिए था, लेकिन अब राजनीति है हमारी इसमें नहीं कर सकते आप वैलेंटाइन के दिन छुट्टी घोषित कर नहीं सकती हैं, गस्टेड हॉली डे हो नहीं सकता है. स्टेट को उसके लिए कारण देने पड़ेंगे कि हम छुट्टी क्यों घोषित कर रहे हैं और उसको फिर गजट में शामिल करना पड़ेगा तो मुझे लगता है कि उन्होंने वैलेंटाइन डे कहने की बजाय पंचानान वर्मा जी का नाम लिया है, जिनका एक सम्मान है कि उनके नाम पर विरोध नहीं होगा. और उन्होंने छुट्टी घोषित कर दी हालांकि समझने वाले तो समझ जाते हैं जो ना समझे वो अनाड़ी हैं.

देश के एक वर्ग में है वैलेंनटाइन को लेकर है आकर्षण-हमारे देश में वैलेंनटाइन डे को लेकर युवाओं (युवक व युवतियां) दोनों के एक वर्ग में आकर्षण है. इसलिए आकर्षण है क्योंकि उन्हें ये नहीं बताया गया है कि हमारे यहां स्त्री-पुरुष के कितने दिवस हैं और उनका क्या महत्व है. किस दृष्टि से उनको मनाया जाता रहा है. तो जो कुछ हमारी मीडिया में, टेलीवीजन में और पश्चिम के प्रचार के कारण है, उसमें एक आकर्षण है. एक समूह इस देश में उसको तोड़ने की कोशिश कर रहा है क्योंकि वैलेंटाइन बाबा के आने से पहले हमारे यहां प्रेम की गाथाएं रही हैं और ये युवाओं को बताने की आवश्यकता है.

सर्दी-खांसी होने पर किन फलों का करें सेवन और किससे करें परहेज

– अनार के रस में एंटीऑक्सीडेंट फ्लेवोनॉयड होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि अनार के जूस के रोजाना सेवन से लंबे समय तक खांसी और जुकाम होने की संभावना लगभग 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है।

सर्दी-खांसी होने पर अनानास का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अनानास में ब्रोमेलैन नामक एंजाइम होता है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट अपने म्यूकोलाईटिक गुणों के कारण म्यूकस को तोड़ सकता है। फलों का सेवन करना सेहत के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। ये कई तरह के विटामिन, मिनरल्स और पोषक तत्वों से युक्त होते हैं। हर फल सेहत को किसी ना किसी रूप में लाभ पहुंचाते हैं। लेकिन कुछ खास हेल्थ प्रॉब्लम्स होने पर सही फल का चयन करना काफी अच्छा माना जाता है। मसलन, अगर आपको सर्दी-खांसी की समस्या है तो ऐसे में कुछ फल आपको राहत पहुंचाएंगे तो कुछ फल आपको नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सर्दी-खांसी होने पर आपको किन फलों का सेवन करना चाहिए और किनसे परहेज करना चाहिए- अगर आपको सर्दी-खांसी की समस्या है तो ऐसे में आप कुछ खास फलों का सेवन कर सकते हैं। मसलन- - सर्दी-खांसी होने पर अनानास का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अनानास में ब्रोमेलैन नामक एंजाइम होता है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट अपने म्यूकोलाईटिक गुणों के कारण म्यूकस को तोड़ सकता है। - अनार के रस में एंटीऑक्सीडेंट फ्लेवोनॉयड होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि अनार के जूस के रोजाना सेवन से लंबे समय तक खांसी और जुकाम होने की संभावना लगभग 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अनार के रस में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। - कोल्ड व कफ होने पर कीवी का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। खांसी और सर्दी के दौरान कीवी के नियमित सेवन से व्यक्ति के गले में खराश की स्थिति काफी कम हो जाती है। इसमें कई पोषक तत्व होते हैं जो आपको राहत पहुंचाते हैं। - स्ट्रॉबेरी में मैंगनीज, विटामिन सी और डाइटरी फाइबर जैसे पोषक तत्व होते हैं। स्ट्रॉबेरी के ये सभी गुण कोल्ड व कफ होने पर आपको राहत पहुंचाते हैं। - तरबूज में एंटीऑक्सीडेंट लाइकोपीन होता है, जो संक्रमण के दौरान श्वसन तंत्र में सूजन को कम करने में मदद करता है। - सेब फ्लेवोनोइड्स से भरे हुए हैं और इनका सेवन कई मायनों में लाभकारी माना गया है। यह आपके इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है, जो आपको खांसी और सर्दी से बचाने में मददगार है। खांसी और जुकाम के दौरान फलों से परहेज करें स्वस्थ रहने के लिए किसी भी व्यक्ति को फलों का सेवन करना चाहिए। ध्यान दें कि ऐसा कोई विशेष फल नहीं है, जिसे इस अवस्था में खाने से परहेज करना चाहिए। बस आपको इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखना चाहिए कि आप फ्रिज में रखे फलों का सेवन ना करें। ठंडे होने के कारण ये फल आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।

हैल्दी रखना है हार्ट तो खाएं काले अंगूर, सिर्फ एक नहीं होंगे अनगिनत फायदे

स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन जरुरी है। फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। फलों की बात करें तो काले अंगूर बहुत से लोगों को पसंद होते हैं। यह पोषक तत्वों का खजाना होते हैं इनमें विटामिन-सी, विटामिन-ए, विटामिन-बी6, प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम पाया जाता है। यह पोषक तत्व शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देते हैं। आइए जानते हैं काले अंगूर खाने से आपको क्या-क्या फायदे होंगे...

हैल्दी रहेगा हार्ट

काले अंगूर दिल के लिए बेहद ही फायदेमंद होते हैं। इसमें पोटैशियम, साइटोकेमिकल्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा अंगूर में पॉलीफेनोल्स भी पाया जाता है जो आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करते है। काले अंगूर का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रण में रहता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, नियमित रुप से काले अंगूर को सेवन करने से दिल से संबंधी बीमारियों का जोखिम भी कम होता है।

बढ़ेगी आंखों की रोशनी

आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी काले अंगूर बहुत ही लाभदायक माने जाते हैं। एक शोध के अनुसार, काले अंगूर में मौजूद रेसवेरेट्रॉल नामक कैमिकल होता है जिसमें एंटीऑक्सीडेटिव और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से बढ़ती उम्र के साथ होने वाली आंख की समस्याएं जैसे मोतियाबिंद से भी बचाव रहता है।

इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

यह इम्यूनिटी मजबूत करने में भी मदद करते हैं। काले अंगूर में विटामिन-सी और कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से कई तरह की बीमारियों और इंफेक्शन से भी बचाव होता है।

मजबूत बनेगी हड्डियां

काले अंगूर का सेवन करने से हड्डियां भी मजबूत होती हैं। इसमें पाया जाने वाला रेसवेरेट्रॉल कैमिकल पाया जाता है जो कि हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह बोन डेंसिटी बढ़ाने में भी मदद करता है। इसके अलावा काले अंगूर में कैल्शियम भी मौजूद होता है जो हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए फायदेमंद होता है। काले अंगूर खाने से हड्डियों में दर्द की समस्या भी दूर होती है।

डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान

काले अंगूर डायबिटीज रोगियों के लिए भी बहुत ही फायदेमंद माने जाते हैं। इसमें एंटीडायबिटीक गुण भी पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर का स्तर कम करने में मदद करते हैं। इसमें रेसवेरेट्रॉल नाम का कैमिकल पाया जाता है जो एंटीहाइपरग्लाइसेमिक गुणों से भरपूर होता है। यह शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ने से रोकता है। यदि आप डायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हैं तो डॉक्टर की सलाह लेकर काले अंगूरों का सेवन कर सकते हैं।

पहले अनिल अंबानी, अबकी बार अडाणी...राहुल गांधी के राजनीतिक निशाने पर उद्योगपति ही क्यों रहते हैं?

महामारी के बाद जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी का सामना कर रही है तब भारत प्रगति कर रहा है। जब पूरी दुनिया की आर्थिक विकास दर घट रही है तो आईएमएफ कह रहा है कि भारत सबसे तीव्र गति से आर्थिक तरक्की कर रहा है और करता रहेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में अपनी आवाज बुलंद की और कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों ने उनसे पूछा कि अडाणी कैसे हर बिजनेस में घुस जाते हैं? राहुल गांधी ने अडाणी पर आरोप तो तमाम लगाये लेकिन शायद वह पूरी तैयारी के साथ नहीं आये थे। राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि गौतम अडाणी कांग्रेस की सरकार के दौरान ही उद्योगपति बने और एक कारोबारी के तौर पर उनको कांग्रेस की सरकारों ने ही आगे बढ़ाया था। गौतम अडाणी का कारोबार मोदी के कार्यकाल में ही बढ़ा है यह बात कहना गलत है। हम आपको बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान 2011 में गौतम अडाणी ही देश में सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाले उद्योगपति थे। उस समय प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी नहीं बल्कि कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह विराजमान थे। 2007 में भी देश में कांग्रेस की ही सरकार थी जब फोर्ब्स ने गौतम अडाणी को 13वें सबसे अमीर भारतीय के तौर पर नामित किया था। इसके अलावा, गौतम अडाणी को सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में ही विभिन्न ठेके मिले हुए हों ऐसा नहीं है बल्कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के अलावा पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार, अन्य क्षेत्रीय दलों की राज्य सरकारों और केरल की वामपंथी सरकार ने भी अडाणी समूह को ठेके दिये हुए हैं। यह ठेके कोई नियमों को ताक पर रख कर नहीं दिये गये बल्कि नियमों का पालन कराते हुए दिये गये हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि अडाणी समूह पर हमला करके क्या भारत की आर्थिक प्रगति को बाधित करने का प्रयास किया गया है? देखा जाये तो यह आरोप कहीं ना कहीं सही लगता भी है क्योंकि महामारी के बाद जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी का सामना कर रही है तब भारत प्रगति कर रहा है। जब पूरी दुनिया की आर्थिक विकास दर घट रही है तो आईएमएफ कह रहा है कि भारत सबसे तीव्र गति से आर्थिक तरक्की कर रहा है और करता रहेगा। जब दुनिया के अमीर देशों के अरबपति, खरबपति टॉप अमीरों की सूची से नीचे खिसकने लगे और विकासशील देश भारत के उद्योगपति गौतम अडाणी उनकी जगह लेने लगे तो कुछ लोगों को तकलीफ होना स्वाभाविक था। सिर्फ अडाणी को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा हो ऐसी बात नहीं है, जब भी गरीबी या अभावों का सामना कर अपने बल पर मुकाम हासिल करने वाला कोई व्यक्ति आगे बढ़ता है तो उसके पैर पीछे खींचे ही जाते हैं। ऋषि सुनक जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए लोकतांत्रिक तरीके से चुनावी लड़ाई लड़ रहे थे तब उन्हें भी उनके मूल को लेकर कुछ लोगों ने निशाना बनाया था। दरअसल हम मानें या ना मानें इन गोरों ने इस दुनिया को दो भागों में विभाजित कर रखा है और रंग के आधार पर उन्होंने तय कर रखा है कि कौन राज करेगा। इसलिए जब भी भारत का कोई व्यक्ति आगे बढ़ेगा तो उसे पीछे धकेलने के प्रयास किये जायेंगे। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि हमारे यहां वित्तीय मामलों को लेकर अभी उतनी जागरूकता नहीं है, इसी बात का फायदा राजनीतिक दल उठा कर जनता के बीच में भ्रम फैलाते हैं और अपने हित साधते हैं। जहां तक भारत के बाजारों की बात है तो आपको बता दें कि यह बहुत ज्यादा विनियमित हैं। अडाणी विवाद पर भारतीय रिजर्व बैंक विस्तृत स्पष्टीकरण दे चुका है जिसके मुताबिक देश के बैंकों ने सारे पैमानों को बरकरार रखते हुए विभिन्न कंपनियों को बड़े कर्ज दिए हैं। फिर भी एक विदेशी रिपोर्ट के आधार पर एक भारतीय कंपनी पर जो सवाल उठाये जा रहे हैं और उसके बारे में ऐसी बातें फैलाई जा रही हैं ताकि उसके विदेशी उपक्रमों पर भी असर पड़े, वह ठीक नहीं है। विपक्ष के निशाने पर आज अडाणी हैं कल को कोई और भी हो सकता है। हमें याद रखना चाहिए कि 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी ने अनिल अंबानी पर इसी तरह का हमला बोला था। तब राहुल गांधी बार-बार कहते थे कि मोदीजी ने राफेल सौदे के दौरान सरकारी खजाने से 30 हजार करोड़ रुपए निकाल कर अनिल अंबानी की जेब में डाल दिये। उस नकारात्मक अभियान का असर यह हुआ कि आज अनिल अंबानी एक कारोबारी के तौर पर बर्बाद हो चुके हैं। यही कारण है कि अब उद्योग जगत से जुड़े लोग एक-एक कर सामने आ रहे हैं और अडाणी समूह के खिलाफ चल रहे नकारात्मक अभियान के विरोध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपनी आवाज मुखर कर रहे हैं। इस क्रम में कोटक महिंद्रा बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय कोटक ने कहा है कि उन्हें वित्तीय व्यवस्था के लिए कोई प्रणालीगत जोखिम नहीं दिखता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि भारतीय जोखिम आकलन और क्षमता निर्माण को मजबूत करने का समय अब आ गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि बड़े भारतीय कॉरपोरेट घराने ऋण और इक्विटी वित्त के लिए वैश्विक स्त्रोतों पर अधिक भरोसा करते हैं, जिससे उनके लिए चुनौतियां और कमजोरियां पैदा होती हैं। वहीं, उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने अडाणी मामले को लेकर चल रहे विवाद के बीच ट्विटर पर एक यूजर के सवाल के जवाब में लिखा- देश के बिजनेस सेक्टर में छाए मौजूदा संकट को लेकर ग्लोबल मीडिया में चर्चा चल रही है कि कहीं ये घटना भारत के वैश्विक इकोनॉमिक फोर्स बनने के लक्ष्य को कमजोर ना कर दे। उन्होंने लिखा कि मैं एक लंबी उम्र जी चुका हूं और अपने देश को भूकंप, सूखा, मंदी, युद्ध और आतंकवादी हमलों से जूझते देखा है। उन्होंने कहा कि मैं बस इतना कह सकता हूं कि ह्यआपको (ग्लोबल मीडिया) कभी भी भारत को कमतर नहीं आंकना चाहिए। दूसरी ओर, वेदांता समूह के प्रमुख अनिल अग्रवाल ने किसी और संदर्भ में भले यह कहा हो कि दुनिया भारत को इतनी तेज गति से तरक्की करते नहीं देख सकती, मगर उनके इस बयान को अडाणी विवाद से ही जोड़ कर देखा जा रहा है। दूसरी ओर, इस मामले में विभिन्न बैंकों, भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्र सरकार के मंत्रियों, आरबीआई आदि के स्पष्टीकरण आ चुके हैं। उसके बावजूद यदि सवाल उठाये जा रहे हैं तो यह दशार्ता है कि कुछ लोग इस सोच के साथ राजनीति कर रहे हैं कि उन्होंने जो कहा वही सही है। आप जरा बैंकों, वित्तीय नियामकों आदि के बयानों पर नजर डालिये फिर सोचिये कि कौन सही है- सेबी का बयान अडाणी समूह संबंधी विवाद के बीच सेबी ने कहा है कि वह शेयर बाजार में निष्पक्षता, कुशलता और उसकी मजबूत बुनियाद बनाये रखने के साथ सभी जरूरी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बाजार नियामक सेबनी ने कहा कि विशिष्ट शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। सेबी ने बयान में कहा, 'अपनी जिम्मेदारी के तहत सेबी बाजार के व्यवस्थित और कुशल कामकाज को बनाए रखना चाहता है। किसी खास शेयर में अत्यधिक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए अच्छी तरह से परिभाषित, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध निगरानी उपाय (एएसएम ढांचे सहित) मौजूद हैं।' बयान के मुताबिक, 'यह व्यवस्था किसी भी शेयर की कीमतों में उतार-चढ़ाव होने पर कुछ शर्तों के तहत अपने आप सक्रिय हो जाती है।' सेबी ने कहा कि सभी विशिष्ट मामलों के संज्ञान में आने के बाद नियामक मौजूदा नीतियों के अनुसार उनकी जांच करता है और उचित कार्रवाई करता है। शेयर बाजारों की कार्रवाई इसके अलावा शेयर बाजारों- बीएसई और एनएसई ने अडाणी समूह की तीन कंपनियों- अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और अंबुजा सीमेंट्स, को अपने अल्पकालिक अतिरिक्त निगरानी उपाय (एएसएम) के तहत रखा है।

घर में रहेगा सुख-समृद्धि का वास, शिवरात्रि पर लगाएं भोलेनाथ की ऐसी तस्वीर

महाशिवरात्रि का त्योहार कुछ ही दिनों में आने वाला है। हिंदू धर्म में इस पर्व का बहुत ही खास महत्व बताया गया है। इस साल महाशिवरात्रि 18 फरवरी को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव को देवों में सबसे ऊंचा स्थान प्राप्त है, इसलिए वह देवाधिदेव भी कहलाते हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव की यदि आप पर कृपा रहे तो जीवन में आने वाले संकट टल जाते हैं। वास्तु शास्त्र में भगवान शिव की प्रतिमा घर में रखने से पहले कुछ नियमों का ध्यान रखना चाहिए । तो आइए जानते हैं इनके बारे में...

घर में लगाएं ऐसी तस्वीर

घर में भगवान शिव की ऐसी तस्वीर लगानी चाहिए जिसमें वे शांत और ध्यान अवस्था में हों। इसके अलावा नंदी पर बैठे शिवजी की तस्वीर भी आप घर में लगा सकते हैं। ऐसी प्रतिमा भगवान शिव की लगानी भी शुभ मानी जाती है जिसमें वह खुश नजर आ रहे हों। मान्यताओं के अनुसार, इससे घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

इस दिशा में करें स्थापित

वास्तु मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव का निवास स्थान कैलाश पर्वत पर उत्तर दिशा में स्थित है। माना जाता है कि भगवान शिव को उत्तर दिशा काफी प्रिय भी है। ऐसे में आप मूर्ति घर की इस दिशा में स्थापित कर सकते हैं।

आस-पास रखें सफाई

भगवान शिव की मूर्ति के आसपास हमेशा सफाई रखें। मूर्ति के आस-पास बिल्कुल भी गंदगी न रखें। गंदगी होने से जीवन में दोष बढ़ सकते हैं जिसके कारण धन की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

शिव-परिवार की तस्वीर

घर में शिव परिवार की तस्वीर लगाना भी काफी शुभ माना जाता है। इससे घर में कलह-कलेश नहीं होता और सुख-समृद्धि का भी वास होता है।

न रखें ऐसी तस्वीर

वास्तु मान्यताओं के अनुसार, घर में भगवान शिव की ऐसी प्रतिमा भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए, जिसमें वह खड़ी मुद्रा में दिख रहे हों इस तरह की तस्वीर घर में लगानी अशुभ मानी जाती है।

ईश्वर के प्रति सदैव कृतज्ञ रहिए

जब भी हम किसी की मदद के लिए हाँथ आगे बड़ाते है तो कभी ये सोचकर मत बड़ाना की में ही कर रहा हूँ सदैव उस प्रभु को याद करते रहना जिसने आपको मदद करने का जरिया बनाया है बाकि सब करने वाला तो वही है अगर ये विचार बने रहे तो हम कभी भी धोखा नहीं खाएंगे और अपने मकसद में सदैव कामयाब रहेंगे। जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी जरूरतमंदो के लिए कार्य करती है जिसके मुख्य उद्देश्य कम्पलीट हेल्थ,, कम्पलीट एजुकेशन,, कम्पलीट ड्रड है इसके साथ साथ दिव्यांगों के उत्थान के लिए भी कार्य करती है सामाजिक कार्यों के साथ साथ धार्मिक कार्यों में भी अपना सहयोग समय समय पर देती रहती है ये कहने के लिए बहुत सरल है की हम कभी भी किसी को भी मदद करते रहते है लेकिन ऐसा नहीं है मेने इस बात को काफी बारीकी से अनुभव किया की ÷मदद÷ जब भी हम करने की सोचते है तो ऊपर वाला पहले से ही आपको रास्ते निकलकर देता है की यहाँ से आपको मदद मिलेगी और इसे आपको जरूरतमंदों को देना है तभी आप मदद कर पा रहे है वरना पुरे देश में करोडो लोग जिनके पास अथाह संपत्ति है लेकिन मदद के नाम पर जीरो है क्योंकि उनकी मंशा केवल लेने की है देने की नहीं इसलिए अपने आपको सौभाग्यशाली समझो जो की आप के हाँथ मदद करने के लिए आगे बड़ रहे है इसलिए सदैव प्रभु के आभारी रहते हुए आगे बड़कर मदद करते रहिये

समाजसेवी अरुणेश सिंह भदोरिया
राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी

आम आदमी पार्टी का सदस्य बनने पर आपको बधाई

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने जनहित में अनेकों कार्य करें हैं जैसे बिजली-पानी मुफ्त, शिक्षा एवं स्वास्थ्य में परिवर्तन।पंजाब में भी सरकार बनने के चंद दिनों में ही पंजाब से भ्रष्टाचार खत्म और युवाओं को 25,000 नौकरी दे रहे हैं।अब मध्य प्रदेश की बारी है।जैसा कि आप जानते हैं कि भाजपा और कांग्रेस ने बारी-बारी मध्य प्रदेश को लूटा है, इस बार दोनों पार्टियों को सत्ता से बाहर करके मध्य प्रदेश को भ्रष्टाचार और लूट से बचाना है और बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाना है।इस आन्दोलन में अपना योगदान देने के लिए कम से कम 3 लोगों को इस मुहिम से जोड़ने के लिए इस नंबर 7471111150 पर मिस कॉल कराएं. विक्रम लोधी ग्वालियर ग्रामीण में चलाया जगह-जगह सदस्यता अभियान

आंगनवाड़ी केन्द्र विकास कार्यक्रम किया गया उदघाटन

मालनपुर संवाददाता
पुष्पांजली टुडे
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर एस आर एफ फोंडेशन ने आज जिला प्रशासन के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 2 गोहद में आंगनबाडी केंद्र का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जिसमें बॉलीवुड अभिनेता प्रवीण डबास और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीती झिंग्यानी, मुख्यअतिथि के रूप में उपस्तित रहे और सभी सेवाओं का उद्घाटन किया और बच्चों को समर्पित किया और भिंड जिले में एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की। इसी प्रकार ऐसा रे फाउंडेशन द्वारा करोना काल में क्षेत्र में मार्क्स बांटे गए एवं कई सराहनीय कार्य और पुनीत कार किए गए समारोह के दौरान मौजूद रहे बॉलीवुड अभिनेता प्रवीण डबास और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीती झिंग्यानी, अब्दुल गफ्फार (डीपीओ - डब्ल्यूईसीडी), गोहद एस डी एम शुभम शर्मा ,फिरोज खान सी एस आर समन्वयक, समाहरणालय भिंड राकेश तिवारी (सीएसआर) चैंपियन) और सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा नेत्री सरोज जोशी ने क्षेत्र में जनसंपर्क किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती सरोज जोशी ने अटेर तहसील के कनावर क्षेत्र में भृमण कर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणजनों को जानकारी दी।भाजपा नेत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार हर व्यक्ति के हित में काम कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा जनता को जनहित में चल रही योजनाओं के बारे में बताना एवं हर व्यक्ति को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विकास यात्रा चलाई जा रही है।

बाल श्रम का हाथ कटने पर फैक्ट्री मालिक पर मुकदमा दर्ज

पुष्पांजली टूडे
मालनपुर संवाददाता

मालनपुर उद्योग क्षेत्र की इकाई वेदांता प्लास्टिक रीसाइकलिंग में नाबालिग मजदूर का मशीन में काम करते समय 1 फरवरी 2023 को दाहिना हाथ कटने पर मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज थाना मालूनपर प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल मजदूर एवं उनकी मां ने कथन पर फैक्टरी में जांच में पाया गया कि फैक्ट्री मालिक व प्रबंधक की लापरवाही एवं श्रम कानून की अवहेलना पर फरयादी पारस गुर्जर पुत्र जय सिंह गुर्जर निवासी आदित्यपुरम ग्वालियर के कथनुशार मध्य प्रदेश पुलिस अधिनियम की धारा 287, 337, 338, आई पी सी व 14 (1) बाल श्रम अधिनियम के

तहत वेदांता प्लास्टिक फैक्ट्री के मालिक धीरेंद्र त्रिपाठी, विपिन दंडोतिया, रत्नेश राणा, अरुण श्रीवास्तव ,के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में लिया गया है जिसमें आरोपियों की तलाश जारी है थाना प्रभारी मालूनपर बलवंत सिंह यादव ने कहा है कि सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाएंगे

क्षेत्र में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर बामपंथी संगठनों ने गोहद थाने, एसडीओपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीओपी को दिया ज्ञापन

महेंद्र शर्मा ,,उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

गोहद/भिंड। बीते अक्टूबर महीने में मालनपुर थाना अंतर्गत कौके सिंह माहौर की हत्या कर लाश झाड़ियों में फेंक दी गई थी मगर अभी तक हत्यारे गिरफ्तार नहीं हुए हैं तथा विगत 14 जनवरी को गोहद के नए बस स्टैंड पर सरेआम फायरिंग कर दहशतगर्दों की गई तथा मुन्नीबाई उसके पुत्र अजय माहौर को पीट पीट कर अधमरा किया गया हमलावरों पर केश लगाने लूट डकैती एवं सट्टे जुए चोरियों पर रोक लगाए जाने सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस चौकियां कायम करने पुलिस गश्त तेज करने सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करने सहित तमाम बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सीटू खेतिहर मजदूर यूनियन दलित शोषण मुक्ति मंच मुस्लिम अधिकार मंच महिला समिति मध्य प्रदेश किसान सभा कोली जागृति मिशन कोली जागृति महासभा ने संयुक्त रूप से गोहद के गोलंबर पर सभा की और बाजार में रैली कर एसडीओपी कार्यालय पर शुक्रवार को प्रदर्शन कर एसडीओपी को ज्ञापन दिया गया इस मौके पर सभा को पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर सीटू उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, नौजवान सभा के प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर, किसान नेता वीरेंद्र सिंह कुशवाहा पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंह कुशवाहा मुस्लिम अधिकार मंच से रशीद खान महिला समिति की शोभा माहौर ने संबोधित किया और पुलिस प्रशासन को चेताया के समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले 27 फरवरी को विशाल सभा कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ कानून व्यवस्था के पालन के लिए आंदोलन को तेज किया जावेगा इस मौके पर सुषमा जाटव हरिशंकर माहौर उदय सिंह श्रीवास श्याम बाबू शाक्य भोतीराम माहौर, लक्ष्मण सिंह कुशवाह, पूर्व सरपंच आशा राम माहौर, राकेश कोली पूरन कोली बालाराम केदार बाबूजी गंगा प्रसाद माहौर भारतीय कुशवाह लक्ष्मी बाई जाटव,जय सिंह माहौर हेतराम माहौर रमेश रामसहाय माहौर मनोज माहौर श्रीलाल माहौर सहित भारी संख्या में महिलाएं एवं किसान तथा जनसंगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय-अमर शहीद गणेश मंत्री कप 2023 के दसवें दिन के मैच

दिन का पहला मैच कर्रा टांका और मलऊखेड़ी के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए मलऊखेड़ी

की टीम ने 126 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए कर्रा की टीम ने मात्र 6 ओवर में ही बना लिए और ये मैच 10 विकेट से जीत लिया। दिन का दूसरा मैच पंचमपुर और बिल्हेरू के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए पंचमपुर की टीम ने मात्र 58 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए बिल्हेरू की टीम ने मात्र 3 ओवर में बना लिए और ये मैच 9 विकेट से जीत लिया। दिन का तीसरा मैच खुटिया बमोरी और पुरा मथाना के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए बमोरी की टीम ने मात्र 53 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए मथाना की टीम ने मात्र 3 ओवर में ही बना लिए और ये मैच 9 विकेट से जीत लिया। दिन का चौथा मैच मुडरा बहदरा और रेडवास के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए मुडरा की टीम ने 111 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए रेडवास की टीम ने मात्र 7 ओवर में ही बना लिए और ये मैच 4 विकेट से जीत लिया। दिन का पांचवा मैच सोनाखेड़ी और वार्ड 4 मुंगावली के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनाखेडी की टीम ने 87 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए वार्ड 4 ने मात्र 4 ओवर में ही बना लिए और ये मैच 10 विकेट से जीत लिया।भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्ञानेस्वरी सक्सेना , मुंगावली मण्डल अध्यक्ष अंकिता समाधिया, मंडल महामंत्री कुमकुम सक्सेना, अशोकनगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रेश यादव एवं मंडल मंत्री संध्या जाटव और अर्जुन बृजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

मास्टर ब्लास्टर बना विजेता

पुष्पाजंली टुडे

कोयम्बटूर .श्री सीरवी समाज के तत्वावधान में पिछले 25 दिनों से चल रही(सीरवी प्रीमियर लीग)स्क्वर-5 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम का गुरुवार तारीख 9 फरवरी2023 को हुआ शानदार सम्पन्न।ड़ाइनल मुकाबला मास्टर ब्लास्टर व सीरवी सेना के बीच खेला गया जिसमें मास्टर ब्लास्टर ने सीरवी सेना को रोमांचक मुकाबले में हराकर विजेता बना। मैच के हीरो रहे दिनेश काग ने आतिशी पारी खेलते हुए मेन ऑफ द मैच, प्रतियोगिता का बेस्ट बेस्टमेन का खिताब जीता, प्रतियोगिता का बेस्ट बॉलर आर.दिनेश कुमार रहा ,मेन ऑड़ द सीरीज प्रकाश राठौड़ रहा।इस प्रतियोगिता में कुल समाज की सात टीमों ने हिस्सा लिया,इस प्रतियोगिता की पांच हारी हुई टीमों में से प्रत्येक टीम के दो खिलाड़ियों को बेस्ट परफॉर्मेंस मूमटोज इस बार दिया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे रामदेव सेवा संघ,राजपुरोहित समाज के पूर्व सचिव मानसिंह राजपुरोहित,उपाध्यक्ष भंवरलाल सोलंकी,बाबुलाल मुलेवा,विशेष अतिथि राजस्थान से पधारे खिंवाराम,कोषाध्यक्ष धर्मीचंद परिहारिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष अमराराम बर्फा, सेसाराम पंवार, गेनाराम सोलंकी , मगाराम, भंवरलाल राठौड़ बींजाराम सोलंकी, व खेल के अगुवाई में सुरेश ,रामलाल गहलोत, सहयोगी सदस्य कानाराम काग, उमेदराम बर्फा व उपस्थित समस्त सीरवी बंदू गण ने खिलाड़ियों का तालियां बजाकर हौसला अफजाई किया व विजेता,उपविजेता को ट्रॉफी व मूमटोज देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार व व्यवस्था नरेन्द्र गहलोत व कोवाई सीरवी किंग्स ओर एकता चैलेंजर्स रही।मंच का संचालक दुर्गाराम पंवार ने किया।

बॉलीवुड के मशहूर कलाकार प्रवीण डबास और प्रीति झिंगयानी ने गोहद आंगनवाड़ी केंद्र का फीता काटकर किया शुभारंभ

गोहद-अडॉप्ट एन आंगनवाड़ी कार्यक्रम के तहत एस आर एफ फाउंडेशन के द्वारा गोद ली गई आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड न 2 गोहद का हिंदी सिनेमा के मशहूर कलाकार प्रवीण डबास एवं प्रीती झिंगयानी जी के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ कर बच्चों को समर्पित किया गया 7 कार्यक्रम के दौरान एस आर एफ फाउंडेशन के अधिकारीगणों के द्वारा अथितियो का फूल माला के साथ स्वागत करते हुए आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम , रूरल एजुकेशन प्रोग्राम, डिजिटल बस प्रोग्राम एवं बेसिक इलेक्ट्रीशियन ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत भिंड जिले में किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया गया एवं समस्त जानकारी साझा की गई कार्य्रकम के दौरान हिन्दी सिनेमा के मशहूर अभिनेता प्रवीण डबास , अभिनेत्री प्रीती झिंगयानी , अब्दुल गफ्फार (कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास) , शुभम शर्मा (एसडीएम गोहद) , श्री फिरोज खान (सीएसआर कोऑर्डिनेटर कलेक्टोरेट भिंड) , पर्यवेक्षक आभा श्रीवास्तव , रूचि शर्मा एवं एस आर एफ फाउंडेशन से राकेश तिवारी , राम लखन , लालू सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे 7

हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देना ही विकास यात्रा का उद्देश्य : मंत्री डॉ भदौरिया

विकास यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत 283.02 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन हुआ

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

अटेर/भिण्ड । सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया के नेतृत्व में विकासखण्ड अटेर के ग्राम सुरपुरा से विकास यात्रा प्रारंभ हुई।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम सुरपुरा में विकास यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।विकास रथ यात्रा निर्धारित रूट प्लान अनुसार विकासखण्ड अटेर के ग्राम सुरपुरा से प्रारंभ होकर मनेपुरा, रमा, परियाया एवं सकराया में विकास यात्रा का समापन हुआ। विकास यात्रा का जगह-जगह पर पुष्पवर्षा एवं बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में जनसेवा अभियान अंतर्गत स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अनेक विकास कार्यों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया द्वारा विकासखण्ड अटेर के ग्राम सुरपुरा, मनेपुरा, रमा, परियाया एवं सकराया में विकास रथ यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में 283.02 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें ग्राम सुरपुरा में 5.67 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें 3.43 लाख की लागत से स्वच्छता परिसर निर्माण, 2.24 लाख की लागत से नाला निर्माण का लोकार्पण किया।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम मनेपुरा में 43.40 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 12 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य, 4.57 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य, 7.80 लाख की लागत से आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य, 3.47 लाख की लागत से सुलभ शौचालय निर्माण, 6.70 लाख की लागत से बंबा खुदाई निर्माण कार्य, 2.86 लाख की लागत से शान्ति धाम निर्माण कार्य, 6 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम रमा में 223.71 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 184.71 लाख की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य, 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 24 लाख की लागत से सड़क निर्माण का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम परियाया में पंचायत भवन निर्माण कार्य, आंगनवाडी भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर के ग्राम सकराया में 10.24 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 7.66 लाख की लागत से सीसी नाला निर्माण कार्य, 2.58 लाख की लागत से सेगरी गेसन-सेड निर्माण का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकासखण्ड अटेर में विकास यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को संबोधित कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जनहितैषी

योजनाओं से कोई भी पात्र वंचित नहीं रहे इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम और शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास यात्रा निकाली जा रही है। आमजन तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचे और हर व्यक्ति को अधिकार पूर्वक योजनाओं का लाभ देना ही इस यात्रा का उद्देश्य है। विकास यात्रा के माध्यम से सरकार हर घर, हर परिवार तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जनहित में सरकार द्वारा लगातार विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को चिन्हित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना यही विकास यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकास की इबादत योजनाओं के माध्यम से हर घर पहुंच रही है यदि कोई किसी कारण से वंचित रह गया है तो उसे लाभ दिलाने का प्रयास यात्रा का मुख्य उद्धेश्य है। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि जिले का हर गांव आत्म निर्भर हो इसके लिए हम सबको शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए आर्थिक स्वावलंबी होना होगा। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि गांव का एक भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहें। यही हम सबका ध्येय है। उन्होंने गांव में मुहैया कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं को भी रेखांकित किया जिसमें मुख्य रूप से स?क, बिजली, पानी व खेती के क्षेत्र में हुए नवाचारों के संबंध विस्तार से जानकारी दी। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार 08 मार्च 2023, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को ला?ली बहना योजना के आवेदन लेने का कार्य शुरू किया जा रहा है। लाड़ली बहना योजना में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी। हितग्राहियों को चिन्हित करने के लिये गाँव-गाँव और वार्डों में जाकर आवेदन भरवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने हर गरीब के आँसू पोछने का कार्य किया है। हर गाँव में विकास की रोशनी पहुँचायी है। मध्यप्रदेश आज बीमारू राज्य नहीं बल्कि एक विकसित राज्य की श्रेणी में आ ख?ा हुआ है। विकास की इस गाथा में किसी एक व्यक्ति को श्रेय दिया जाना हो तो निस्संदेह उसका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने गरीबी उन्मूलन, कुपोषण, गरीब बेटियों के विवाह और जिनका कोई नहीं है उनके लिये संबल जैसी अभूतपूर्व योजनाएँ बना कर और सफलता से क्रियान्वित कर जरूरतमंदों को लाभान्वित किया है। आज प्रदेश बिजली, पानी, स?क के साथ जैविक खेती में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार द्वारा हर समाज को सशक्त और सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। एक समय था जब लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। आज हमारी सरकार में व्यक्ति को घर-घर जाकर पूछा जा रहा है कि उन्हें लाभ मिला है या नहीं। इतना ही नहीं प्रत्येक पात्रताधारी हितग्राही को लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य भी किया जा रहा है।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि अनाज के लिए कृषि सबसे जरूरी है, और कृषि के लिए सिंचाई, खेतों में सिंचाई के लिए काफी पानी की जरूरत होती है। ठीक तरह से सिंचाई न होने पर फसलें खराब हो जाती हैं। लंबे समय के इंतजार के बाद कनेरा सिंचाई परियोजना को पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति मिल गई है। इस अनुमति के बाद अब अटेर क्षेत्र के किसानों के लिए कनेरा सिंचाई उद्वहन परियोजना का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि कनेरा सिंचाई उद्वहन परियोजना के तहत् अटेर क्षेत्र की लगभग 15 हजार हैक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। साथ ही वृहद स्तर पर किसानों को लाभ होगा।सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि अटेर में 10 फरवरी से 14 फरवरी 2023 तक अटेर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अटेर महोत्सव के अन्तर्गत कई सांस्कृतिक, एडवेंचर एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन अटेर किले के नीचे एवं चम्बल किनारे किया जाएगा। उन्होंने अटेर महोत्सव आयोजन में शामिल होने सभी आमजनों को आमंत्रण दिया।



सम्पादकीय

तर्कसंगत प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने चीनी लिंक वाले सैकड़ों मोबाइल फोन ऐप पर प्रतिबंध लगाकर देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ किया है। जो इस बात का संकेत भी है कि हमारा निगरानी और नियामक तंत्र मजबूत हुआ है। यह कदम इस बात की आवश्यकता को दर्शाता है कि इस दिशा में आगे भी सजग रहने की जरूरत है। दरअसल, 138 सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वाले और 94 ऋण देने वाले ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इस बाबत मिली शिकायतों के बाद लिया गया। आरोप है कि इन ऐप के उपयोगकताओं से जबरन वसूली और उनके उत्पीड़न की शिकायत मिल रही थी। जहां एक ओर इन ऐपों के जरिये व्यक्तिगत डेटा में सेंधमारी की जा रही थी, वहीं ऋण वसूली के नाम पर आतंकित भी किया जाता रहा है। ये ऐप नियामक एजेंसियों की जांच के दायरे में थे। दरअसल, ऐसे ऐप्स के जरिये चीनी नागरिकों ने शातिराना अंदाज में अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए भारतीयों को परिचालन की जिम्मेदारी सौंप रखी थी। इनके भारतीय संचालक पैसे की जरूरत वाले लोगों को छोटे ऋण लेने को उकसाते थे और अप्रत्याशित रूप से ब्याज की ऊंची दरें वसूलते थे। इतना ही नहीं, कर्जदारों का मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिये ब्लैकमेल किया जाता था। इतना ही नहीं छेड़छाड़ करके बनायी गई तस्वीरों को कर्ज लेने वालों के रिश्तेदारों व परिचितों को भेजने की धमकी दी जाती थी। उन्हें भद्दे संदेश भी भेजे जा रहे थे। इन ऐप्स के संचालन से जुड़े भारतीय लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। निस्संदेह, भारत आज इंटरनेट के तमाम खिलाड़ियों और उससे जुड़ी नई तकनीक को बाजार में उतारने वाली संस्थाओं के लिए बड़ा बाजार है। वहीं देश में बढ़ता ऑनलाइन लेन-देन साइबर अपराधों और उससे जुड़े सुरक्षा जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत की सुरक्षा, गोपनीयता और डेटा से जुड़ी चिंताओं के चलते चीन के ऐप्स संदेह के घेरे में रहे हैं।निस्संदेह, चीन की सीमा पर जारी गतिरोध के बीच भारतीय रणनीतिकारों ने भी इस दिशा में कार्रवाई की जरूरत महसूस की होगी। वर्ष 2020 में विवादित चीनी ऐप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के भारतीय प्रयासों को पश्चिमी देशों ने साहसिक मिसाल के तौर पर देखा है। तब भी युवाओं में बेहद लोकप्रिय चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकताओं के फोन से जानकारी एकत्र करने की बात सामने आई थी। आशंका थी कि चीनी अधिकारी इस संवेदनशील डेटा का उपयोग भारत के खिलाफ कर सकते हैं। देश में साइबर हमलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 में साइबर हमलों की संख्या जहां 3.94 लाख थी, वहीं वर्ष 2021 में इनकी संख्या बढ़कर 14.02 लाख हो गई है। इस दिशा में युद्ध स्तर पर उपाय करने की जरूरत महसूस की जा रही है। आम लोगों के साथ आधुनिक तकनीक के नाम पर किये जा रहे छल को गंभीरता से लेना चाहिए। आज भारत में जन सुविधाओं के लिये ऐपों के उपयोग में भारी वृद्धि हुई है। लेकिन साथ ही साइबर ठगी के मामलों में तेजी आई है। आईटी के माहिर शातिर लोग आम आदमी की जरा सी चूक पर उसका खाता खाली कर देते हैं। अकसर शक की सूई चीनी ऐप की ओर मुड़ जाती है। ऐसे में केंद्र सरकार की हालिया पहल इस तकनीकी फजीवाड़े पर लगाम लगाने की कोशिश के रूप में देखी जा सकती है। सरकार कई चरणों में पहले भी ऐसी कोशिश कर चुकी है।

भूकंप की त्रासदी

आदित्य नारायण

जब भी प्रकृति अपना क्रोध दिखाती है तो कहर ढहाए बिना नहीं रहती। चांद और कई अन्य ग्रहों को छू लेने वाला विज्ञान भी प्राकृतिक आपदाओं के सामने विवश है। पिछले कुछ वर्षों में कुदरत के अक्रोश के जो खतरनाक मंजर देखने को मिले हैं उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि प्रकृति मानव के व्यवहार को लेकर काफी नाराज है और वह भूकंप, सुनामी, बाढ़, तूफान आदि के रूप में मानव को अपनी चपेट में ले रही है। उसके सामने हर कोई असहाय दिखाई दे रहा है। तुर्किये, सीरिया, लेबनान और इजरायल चार देशों में आए भूकंप ने पलभर में हजारों लोगों को मौत के आगोश में पहुंचा दिया। पलभर में गगनचुंबी अटालिकाएं, शॉपिंग मॉल, बाजार, घर तबाह हो गए। भोर होने से पहले सो रहे लोगों को पता ही नहीं चला कि आपदा उन पर कहर बरपा चुकी है। अब रह गई उन लोगों की चीत्कार जो या तो घायल हैं या फिर सौभाग्य से भूकंप की चपेट में आने से बच गए। शहर तबाह हो गए। चारों तरफ लाशों का अंबार लगा है। खौफनाक मंजर को देखकर ऐसा लगता है कि मनुष्य में प्राकृतिक आपदाओं से संघर्ष करने का सामर्थ्य नहीं बचा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तो आशंका व्यक्त की है कि मृतकों की संख्या 32000 से भी ज्यादा हो सकती है। वर्ष 1939 में तुर्किये में भूकंप आया था लगभग 33 हजार लोग मारे गए थे। वर्ष 1999 में भी तुर्किये में आए भूकंप में 17 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। भूकंप प्रभावित देशों के लोग भूकंप की त्रासदियों को याद कर आंसू बहा रहे हैं। सीरिया के कई शहरों में ऐसे ही दृश्य देखने को मिल रहे हैं। भूकंप की तीव्रता को नापने के लिए विज्ञान ने भले ही यंत्र बना लिए हों। इंसान ने भीषण गर्मी और सर्दी से बचने के लिए भले ही विज्ञान के माध्यम से उपकरण बना लिए हों, लेकिन मानव आज तक प्रकृति के रहस्यों को जान ही नहीं पाया। धरती हिलने या भूकंप के बारे में किंवदंतियां सुनने को मिलती हैं। धार्मिक व्याख्याओं के चलते कभी यह माना जाता है कि धरती सात मुंह वाले नाग के सिर पर टिकी है। जब नाग सिर बदलता है तो धरती हिलती है। कभी यह कहा जाता है कि धरती धर्म की प्रतीक गाय के सींग पर टिकी है, जब गाय सींग बदलती है तो धरती हिलती है। धमार्चार्यों का मानना है कि धरती पर पाप बहुत बढ़ जाता है तो धरती कहर ढाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी की गहराई में बहुत आग है। तथ्य कोई भी हो ऐसे दैवीय प्रकोप से बचने का कोई साधन नहीं है। भूकंप कहां और कब आएगा वैज्ञानिक इस का आज तक सटीक उत्तर नहीं दे पाये। आज भी भूकंप त्रासदी को देखकर लोग कह रहे हैं कि जनसंख्या के संतुलन को बनाए रखने के लिए प्राकृति अपना रौद्र रूप दिखा रही है। संकट की घड़ी में पूरी दुनिया का दायित्व है कि वह मानव की रक्षा के लिए मदद के लिए आगे आये। पूरी दुनिया के अमीर देश संकट की घड़ी में भूकंप प्रभावित तुर्किये और सीरिया के साथ खड़े हैं। भारत ने तुरंत तुर्किये को मदद की पेशकश करते हुए हर संभव मदद का ऐलान किया है। भारत ने तुर्किये को भूकंप राहत सामग्री की पहली खेप भेज दी है जिसमें मेडिकल उपकरण, दवाइयां और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें शामिल हैं। भारत हमेशा दुनिया के हर मंच पर वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है। भले ही तुर्किये अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा हो या फिर कोई और मुद्दा हमेशा भारत के खिलाफ बोलता आया है। वह अपने मित्र पाष्किस्तान के समर्थन में खड़ा दिखाई देता है लेकिन भारत ने मदद कर अपनी नीति साफ कर दी है। अमेरिका, रूस, जर्मनी आदि देशों ने भी तुर्किये में मदद भेजने की बात कही है। यूरोपीय यूनियन, नीदरलैंड और रोमानिया की टीमें मदद के लिए तुर्किये और सीरिया पहुंच चुकी हैं। तुर्किये को आपदा की इस मुश्किल घड़ी में अपने पुराने दुश्मन देशों का साथ भी मिल रहा है। तुर्किये और ग्रीस के बीच सीमा को लेकर सालों से विवाद चलता आ रहा है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक विवाद भी चलता आ रहा है। इसके बावजूद ग्रीस ने तुर्किये की मदद की पेशकश की है। भारत तो इससे पहले भी कई मौकों पर प्राकृतिक आपदा प्रभावित देशों की मदद करता आया है। नेपाल का भूकंप हो या हैती का भूकंप भारत ने दोनों देशों की हर तरह से मदद की है। तुर्किये के राष्ट्रपति ने मदद के लिए भारत का आभार भी जताया है। मानवता के नाते ऐसी आपदाओं में दुनिया एकजुट होकर आपदा प्रभावित लोगों का धैर्य बंधाती है। इस तरह का धैर्य पाकर टूटा हुआ साहस पुनर्जीवित हो उठता है। दुख की घड़ी में ढांढस बंधाना मानवीय चरित्र भी है। आज लोग महसूस कर रहे हैं कि सीरिया में कितना पाप हुआ है या तुर्किये का रवैया क्या है? ऐसी प्राकृतिक आपदाएं संदेश देती हैं कि जब तक जीयो प्रेम से जीयो, मानवता की सीमा में रहो, निदोर्षों के खून बहाने से कुछ हासिल नहीं होगा। प्रकृति कह रही है कि मैं कब कहर बरपा दूं कुछ कहा नहीं जा सकता। प्रकृति का दोहन मत करो। प्रकृति के साथ जीना सीख कर धरती का पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखो।

> अब रह गई उन लोगों की चीत्कार जो या तो घायल हैं या फिर सौभाग्य से भूकंप की चपेट में आने से बच गए। शहर तबाह हो गए। चारों तरफ लाशों का अंबार लगा है। खौफनाक मंजर को देखकर ऐसा लगता है कि मनुष्य में प्राकृतिक आपदाओं से संघर्ष करने का सामर्थ्य नहीं बचा है।

जज की नियुक्ति पर विवाद

एडवोकेट एलसी विक्टोरिया गौरी आखिरकार मद्रास हाईकोर्ट की जज बन ही गई। केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच जजों की नियुक्ति और कोलेजियम के अधिकारों पर चल रही तनातनी के बीच एक नया मसला खड़ा हो गया था, जब कॉलेजियम ने सीनियर एडवोकेट गौरी को मद्रास हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया। कॉलेजियम में भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस के.एम. जोसेफ ने 17 जनवरी को उच्च न्यायालय में पदोन्नति के लिए गौरी और चार अन्य वकीलों के नाम का प्रस्ताव दिया था। अब तक एडवोकेट गौरी मदुरै बेंच में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के तौर पर केंद्र सरकार का पक्ष रखती आ रही थीं। जज के पद पर उनकी नियुक्ति को लेकर मद्रास हाईकोर्ट बार के सदस्य, वकील एन.जी.आर. प्रसाद, आर. वैगई, एस.एस. वासुदेवन, अन्ना मैथ्यू, और डी. नागासैला ने आपत्ति दर्ज करते हुए इस प्रस्ताव को वापस लेने का आग्रह किया था। उनकी नियुक्ति को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई। इन वकीलों का कहना था कि गौरी के श्प्रतिगामी विचारश मूलभूत संवैधानिक मूल्यों के लिए पूरी तरह से विपरीत हैं और उनकी गहरी धार्मिक कट्टरता को दशार्ते हैं जो उन्हें हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य बनाती हैं। वकीलों ने कहा था कि इस तरह की नियुक्तियां न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कम करने का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। इस समय, संस्थान को अपनी प्रशासनिक कार्रवाई से कमजोर होने से बचाने के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। याचिकाकताओं ने एक अपुष्ट अकाउंट से 2019 में किए गए ट्वीट का जिक्र किया था, जिसके मुताबिक विक्टोरिया भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव रही हैं। इसके अलावा विक्टोरिया के दो कथित इंटरव्यू को लेकर भी विरोध दर्ज किया गया, जिनमें उन्होंने मुसलमानों और ईसाई समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां की थी। सरल शब्दों में कहें तो भाजपा से संबंध रखने और अल्पसंख्यकों के खिलाफ टिप्पणी करने के आधार पर एल सी विक्टोरिया की जज पद पर नियुक्ति का विरोध किया जा रहा था। क्योंकि इससे भविष्य में पक्षपातरहित न्याय की संभावनाओं के क्षीण होने की आशंका है। विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की गई थी, क्योंकि मंगलवार को सुबह 10.35 पर उन्हें मद्रास हाईकोर्ट में शपथ लेनी थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई की विशेष बेंच ने इस मामले की सुनवाई की, जबकि तमिलनाडु के रहने वाले जस्टिस सुंदरेश ने गौरी की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा परामर्श किए जाने के कारण खुद को अलग कर लिया। 10 बजकर 25 मिनट पर सुनवाई शुरू हुई। इधर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही थी, उधर एलसी विक्टोरिया गौरी ने मद्रास हाईकोर्ट के जज पद पर नियुक्ति की शपथ ली। शीर्ष अदालत में सुनवाई के कुछ ही मिनटों में याचिका को खारिज कर दिया गया। जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि जज के तौर पर कोर्ट से जुड़ने से पहले मेरा भी राजनीतिक बैकग्राउंड रहा है। मैं 20 साल से जज हूं और मेरी राजनीतिक पृष्ठभूमि कभी मेरे रास्ते में नहीं आई। वहीं जस्टिस खन्ना ने कहा कि गौरी की नियुक्ति के संबंध में मुद्दा योग्यता का नहीं बल्कि उपयुक्तता का है। पात्रता पर, एक चुनौती हो सकती है, लेकिन अदालतों को उपयुक्तता में नहीं पड़ना चाहिए अन्यथा पूरी प्रक्रिया गड़बड़ हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत न्यायिक पक्ष पर कॉलेजियम को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का निर्देश नहीं दे सकती है। पीठ ने कहा कि ये नहीं माना जा सकता है कि कॉलेजियम गौरी की राजनीतिक पृष्ठभूमि या उनके आर्टिकल से अवगत नहीं था जो बाद में सार्वजनिक डोमेन में सामने आए। भारत के न्यायिक इतिहास में कई फैसले विवादों के घेरे में आए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों का राजनैतिक झुकाव, राज्यसभा की सदस्यता, उत्पीड़न के गंभीर आरोप ऐसे मुद्दों पर भी विवाद खड़े हुए हैं। लेकिन किसी जज की नियुक्ति के फैसले को रद्द करने की मांग कम ही उठी है। 30 साल पहले ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जब केएन श्रीवास्तव को गुवाहाटी हाईकोर्ट का जज बनाया गया था और उन्होंने इसकी शपथ भी ले ली थी। लेकिन तब बार के एक वर्ग ने इस नियुक्ति पर इस आधार पर आपत्ति जताई थी कि उन्होंने कभी वकील के रूप में अभ्यास नहीं किया और कभी न्यायिक कार्यालय नहीं संभाला। श्रीवास्तव भ्रष्टाचार के आरोपों में भी फंसे थे। तर्क यह था कि केएन हाईकोर्ट का जज होने के लिए संविधान के अनुच्छेद 217 के तहत निर्धारित मूल योग्यता को पूरा नहीं करते। श्रीवास्तव वास्तव में मिजोरम सरकार के कानून और न्यायिक विभाग में सचिव स्तर के अधिकारी थे और उस क्षमता में कुछ न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्य थे। सुप्रीम कोर्ट में कुमार पद्म प्रसाद बनाम यूनियन ऑफ इंडिया और अन्य 1992 2 एससीसी 428 नाम से इस मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस कुलदीप सिंह, जस्टिस पीबी सावंत औरजस्टिस एनएम कासलीवाल की तीन जजों की पीठ ने पाया कि श्रीवास्तव कार्यकारी के नियंत्रण में एक पद पर थे और इसलिए यह एक न्यायिक कार्यालय नहीं था।

> विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की गई थी, क्योंकि मंगलवार को सुबह 10.35 पर उन्हें मद्रास हाईकोर्ट में शपथ लेनी थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई की विशेष बेंच ने इस मामले की सुनवाई की, जबकि तमिलनाडु के रहने वाले जस्टिस सुंदरेश ने गौरी की नियुक्ति के लिए ।

क्या पाकिस्तान की दुर्दशा का जिम्मेदार खुद पाकिस्तान है

बड़बोले पन की हद तक जाकर उन्होंने ऐलान किया है कि वह अपनी कमीज बेच कर भी आवाम को आटा, शक्कर ,चावल, गेहूं उपलब्ध कराएंगे। पर शायद पाकिस्तान की किस्मत में केवल फटे खाली ही लिखी है, वर्तमान में पाकिस्तान न सिर्फ बिजली संकट से जूझ रहा है।

पाकिस्तान में इमरान सरकार ने पिछले 3 सालों में स्थिति बद से बदतर कर दी थी। मुद्रास्फीति और महंगाई चरम सीमा पर है चावल, गेहूं ,आटा ,शक्कर और फलों के दाम आम नागरिकों की पहुंच से बाहर हो चुके है। फलों के दामों में आग लगी हुई है। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी ने शाहबाज सरकार को आलोचना का बड़ा शिकार बना दिया है। इमरान सरकार के हटने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि शाहबाज शरीफ की सरकार और उनके भानुमति के कुनबे को कुछ अक्ल आएगी, किंतु यह सरकार तो इमरान सरकार से भी गई गुजरी दिखाई देने लगी है। पाकिस्तान सरकार के पास रोजमर्रा का खर्च चलाने के लिए पैसे नहीं है उनका अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में बैलेंस कुछ अरब डॉलर का ही रह गया है। बलूची आतंकवादियों द्वारा कराची में बम विस्फोट के कारण चीनी नागरिकों की मौत से चीन सरकार पाकिस्तानी सरकार से काफी नाराज चल रही है और उसने अपनी सहायता रोक दी है, शहबाज शरीफ चीनी नागरिकों की सुरक्षा को हर संभव प्राथमिकता देने के बाद भी चीनी सरकार का गुस्सा खत्म नहीं हो रहा है, उसने तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान को सारी सहायता रोक दी और अपनी सारी परियोजनाओं पर काम करना बंद कर दिया है। इसके अलावा सऊदी अरब, तुर्की और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी सहायता वर्तमान में रोककर पाकिस्तान की समस्या को दुगना कर दिया है। इसके बाद भी इमरान खान की तरह प्रधानमंत्री शरीफ भी कश्मीरी राग अलाप कर भारत का विरोध लगातार कर रहे हैं। बड़बोले पन की हद तक जाकर उन्होंने ऐलान किया है कि वह अपनी कमीज बेच कर भी आवाम को आटा, शक्कर ,चावल, गेहूं उपलब्ध कराएंगे। पर शायद पाकिस्तान की किस्मत में केवल फटे खाली ही लिखी है, वर्तमान में पाकिस्तान न सिर्फ बिजली संकट से जूझ रहा है बल्कि बिजली संकट के कारण पानी की भी अभूतपूर्व कमी हो गई है इसके अलावा प्राकृतिक रूप से पाकिस्तान के अलग-अलग प्रांतों में गर्मी 50 डिग्री सेल्सियस हो कर कहर ढा रही है, इस कारण अधिकांश क्षेत्रों में सूखा और भुखमरी की स्थिति निर्मित हो गई, सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री के सलाहकार मंजूर वासन ने बताया की सिंध में कपास की उपज पानी की कमी तथा गर्मी के कारण सूख चुकी है, इसके अलावा पाकिस्तान में आम काली मिर्च, कपास, चावल, गेहूं और गन्ना उगाया जाता है, जो इस इलाके में गर्मी 50 डिग्री सेल्सियस होने के कारण बर्बाद हो गए हैं वहां त्राहि-त्राहि मची हुई है पूरे खेत सूख कर उत्पादन बर्बाद हो गया, बिजली योजनाएं ठप पड़ी हुई है जिसके कारण वहां के किसान आसमान की तरफ देख रोने और कलपने का काम ही कर रहे हैं। पाकिस्तान को यदि अपनी स्थिति सुधारनी है तो उसके पास एक ही विकल्प है कि वह भारत से दुश्मनी की जिद छोड़ कर व्यापारिक संबंधों के लिए भारत देश से निवेदन करें, भारत ने अनेक देशों की मदद की है और पूर्व में वह पाकिस्तान को कपास तथा गेहूं और चावल निर्यात किया करता था वह भी कम कीमत पर, अब पाकिस्तान श्रीलंका की तरह दिवालियेपन की कगार पर खड़ा है। पाकिस्तान में कृषि उत्पादन, उद्योग उत्पादन, और अन्य आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन एकदम शून्य हो गए हैं। पाकिस्तान की स्थिति अफगानिस्तान से कमतर नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार पाकिस्तानी न्यूज मीडिया को इमरान खान के हटने और नई शहबाज शरीफ की सरकार से वैसे भी बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं थी पर वहां का मीडिया पूरी तरह से नाउम्मीद होकर शाहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल और मंत्रियों की बखिया उधेड़ने में लगा हुआ है। पाकिस्तान को इस गरीबी और भूखमरी की स्थिति से उबरने के लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए कम से कम 5 से 6 साल लगने की आशंका है और इस दौरान यदि वह दिवालिया होता है तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। पाकिस्तान के संबंध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, इसराइल, फ्रांस, कनाडा अन्य यूरोपीय देशों के साथ भारत से भी अच्छे नहीं रहे हैं, इन परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र संघ जो कि यूरोपीय देशों के इशारे पर संचालित होता है पाकिस्तान की मदद करने में रुचि लेता नहीं दिखाई दे रहा है। पाकिस्तान की नई सरकार के सर मुड़ाते ही ओले पड़ने की स्थिति हो गई है। शाहवाज शरीफ को पाकिस्तान की प्रधानमंत्री की कुर्सी बहुत ही संकट के समय मिली है और पाकिस्तान की बीमारी तथा आराजकता की स्थिति को संभालने के लिए प्रधानमंत्री सहवाग शरीफ के पास पर्याप्त अनुभव भी नहीं है इसके अलावा नवाज शरीफ की सलाह इस संकट की स्थिति में किसी काम की भी नहीं रह गई है। ऐसे में पाकिस्तान के सिंध पंजाब और लरकाना जैसे समृद्धि क्षेत्र में भुखमरी जैसी स्थिति से निपटने के लिए कोई उपाय भी शेष नहीं रह गये है। अब पाकिस्तान के पास अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अपने एकमात्र आका चीन तथा हमेशा मदद करने वाला देश सऊदी अरेबिया के पास जाने के अलावा कोई रास्ता शेष नहीं बचा है। पाकिस्तान को अब अपना आतंकवादी दृष्टिकोण बदल कर एक सामान्य राष्ट्र की तरह अपना शासन प्रशासन चलाना चाहिए अन्यथा पाकिस्तान की अस्मिता को नष्ट होने से कोई नहीं रोक सकता है।

रमेश भटेरे के नेतृत्व में विकास यात्रा पंहुची घोटी घुसमारा, ककोडी, इटोरा, खजरी, कोचेवाही, बड़गांव क और टेमनी

भाजपा सरकार हर परिवार की चिंता करती हैः रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट लांजी- लांजी क्षेत्र में 5 फरवरी से मध्यप्रदेश सरकार की विकास गाथा विकास यात्रा के रूप में विकासखण्ड लांजी के गांव गांव तक पंहुच रही है। इस विकास यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा किया जा रहा है जो कि पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ और प्रशासनिक अधिकारीयों कर्मचारियों के साथ विकास यात्रा लेकर चल रहे है साथ ही जनता से मिलकर उन्हे सरकार की योजनाओं एवं क्रियान्वयन की जानकारी दे रहे। इसी क्रम में 10 फरवरी को विकास यात्रा लांजी अनुभाग के आदिवासी बाहुल्य ग्राम घोटी घुसमारा के साथ ककोडी, इटोर, खजरी, कोचेवाही, बड़गांव क और टेमनी में विकास यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, दुलीचंद राजनीरे, विजय खेरे, हिराचंद आसटकर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, सीताराम रावते, अशोक बापूरे, गुलाबचंद खोबरागड़े, पुरूषोत्तम अस्तने, श्रीमती कमला संजय घोरमारे सरपंच, श्रीमती बेनूबाई होलीराम धारणे उपसरपंच सहित प्रशासनिक अमले से श्रीमती ज्योति ठाकुर एसडीएम, तहसीलदार सतीश चौधरी, सीईओ रंजीत सिंह ताराम, डी आर गजबे बीईओ, दुर्गेश चौहान सहायक अभियंता, श्रीमती पदमावती परते महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी अनुभाग लांजी, आजीविका मिशन की दीदीयॉ, समूह, आजीविका के अधिकारी कर्मचारी गण, एरिकेशन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त सभी ग्राम की जनता प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

भाजपा सरकार हर परिवार की चिंता करती है- रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे उक्त ग्रामो मे विकास यात्रा लेकर पंहुचे जहां आपने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी सरकार एवं शिवराज सरकार ने आपके लिये जब बच्चा जन्म लेता है तब से आदमी जब देवलोक गमन होता है तब तक के लिये योजनाऐं लाई है हम आज उन विकास गाथा का बखान करने आपके बीच आये है, आपने मोदी जी एवं शिवराज जी को बनाया तो उनका भी फर्ज बनता है आपको बनाने का और आपके भाई शिवराज ने आप के बारे मे सोचा और आज सोचिये क्या नही किया आप लोगो के लिये, घरो मे नल जल योजना के माध्यम से पानी, किसानो

को 10 हजार रूपये सालाना, 12 वीं मे 80 प्रतिशत प्राप्त करने वाले बेटी बेटा को 25 हजार लैप टॉप के लिये, जो भी उच्च शिक्षा करना चाहता है चाहे भारत मे या भारत देश के बहार अन्य देशो में उसे आर्थिक रूप से कभी परेशानी नही होगी। आपने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की भी बात सामने लाई की राजीव गांधी जी कहते थे कि हम दिल्ली से 1 रूपये भेजते है तो आपके पास 15 पैसे ही पंहुचते है लेकिन जब से मोदी जी की सरकार आई है आपको आपके खाते मे सीधे पैसे पंहुच जाते है बिचौलियो का सवाल ही पैदा नही होता। लाडली लक्ष्मी योजना जिसमे बेटीयो को करीब 1 लाख 43 हजार रूपये मिलेंगे और अब लाडली लक्ष्मी योजना के बाद आप बहनों के भाई शिवराज लाडली बहना योजना लेकर आ रहे है आगामी 8 मार्च महिला दिवस के दिन आपके फार्म भराये जायेंगे एवं आने वाली रक्षाबंधन से आपके भाई शिवराज सिंह चौहान आप बहनो के खातो में प्रतिमाह 1 हजार रूपये प्रदान करेंगे मतलब 12 हजार रूपये साल एवं किसान भाईयो को 10 हजार रूपये साल मतलब आपके घर मे 22 हजार रूपये साल के मोदी एवं शिवराज सरकार के द्वारा प्रदाय किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आज आजीविका मिशन के माध्यम से हमारी स्व सहायता समूह की दीदीयॉ भारत देश के आत्मनिर्भर भारत को चरितार्थ कर रही है एक पंचायत क्षेत्र मे तकरीबन 30 से अधिक समूह है सभी समूह को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहे आज दीदीयॉ आत्म निर्भर है। इसी कडी मे आपने ग्रामो के विकास कार्यो को भी जनता के समक्ष रखा प्रत्येक ग्राम पंचायत मे कितने विकास कार्य हुये है उनकी जानकारी विस्तार से जनता के समक्ष रखी।

लाभान्वित हितग्राहियो को प्रदान किये गये प्रमाण पत्र-मंचासीन कार्यक्रम के पश्चात प्रत्येक ग्राम में लाभान्वित हितग्राहियो को उनके पात्रता अनुसार प्रमाण पत्र प्रदान किये गये जिनमे, बैंक सखी, सीसीएल, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन योजना, बच्चो को जाति प्रमाण पत्र, लाडली लक्ष्मीयोजना, मिनाक्षी तालाब स्वीकृत, सहित ग्राम की अनेक योजनाओ के तहत लाभान्वित एवं पात्र हितग्राहियो को पात्रता पत्र प्रदान किया जाकर सम्मानित किया गया। अंत चरण में ग्रामो मे अनेको ग्रामीण एवं महिला बहनो के द्वारा अन्य कार्यो के लिये भी रमेश भटेरे से चर्चा की जो कि रमेश भटेरे के द्वारा तत्काल ही प्रशासनिक अधिकारियो से कहकर कार्यक्रम स्थल पर ही कुछ निराकरण किये गये एवं कुछ के लिये जल्द ही किये जाने की बात प्रशासनिक अधिकारियो के द्वारा कहा गया।साथ ही सभी प्राथमिक स्तर के बच्चो को जाति प्रमाण वितरित किये गयें।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का नगर आगमन आज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के गढ़ से करेंगे चुनाव अभियान का श्री गणेश

जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने कांग्रेसजनों से उपस्थित रहने की अपील की

सीहोर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज शनिवार को हेलीकॉप्टर से सीहोर आ रहे हैं। यहां वह सबसे पहले प्रसिद्ध ऐतिहासिक गणेश मंदिर में भगवान सिद्धि विनायक के दर्शन और पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद पूर्व निर्धारित मार्ग से रविंद्र संस्कृति भवन

पंहुचेंगे और पत्रकार वार्ता करेंगे।जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री प्रातः 9.30 बजे अल्हादाखेड़ी स्थित हेलीपैड पर उतरकर वहां से कार द्वारा श्री चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचेंगे । यहां पर भगवान श्री चिंतामन गणेश जी के दर्शन एवं पूजन अर्चन कर सभी देशवासियों की सुख समृद्धि हेतु भगवान श्री चिंतामन गणेश जी से प्रार्थना करेंगे। तत्पश्चात कार द्वारा शुगर फैक्ट्री चौराहा, एमपीईबी चौराहा, मछली पुल चौराहा, पुराना बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा, आनंद डेयरी चौराहा, बस स्टैंड होते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल टाऊन हॉल पहुंच कर प्रातः 10.30 बजे प्रेस वार्ता में सम्मिलित होंगे। इस दौरान लगभग 100 स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मंच, स्वागत द्वार आदि लगाकर उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे कार्यक्रम स्थल पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में पूरे जिले से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, आम जनता, महिलाएं एवं किसान शामिल होंगे ।जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में साथियों सहित अल्हादाखेड़ी स्थित हेलीपैड पहुंचकर पूरे नगर भ्रमण के दौरान तथा मुख्य आयोजन स्थल टाऊन हॉल पर उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है ।

आज दिनांक 10.2.23 को आज न्यायालय पेश किया गया जिस पर न्यायालय द्वारा 13.02.23 तक का पुलिस रिमांड स्वीकृत किया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता का

हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू।शुक्रवार को बिजीएस क्रिकेटर्स एमसी लेआउट द्वारा श्री बाल गंगाधर नाथ स्वामी खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता वी एस कप के फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत । इस कार्यक्रम में आयोजकों ने महेंद्र मुणोत को सम्मानित किया । मुणोत ने खिलाड़ियों को कहा की खेल को खेल की भावना से खेले ।मुणोत ने खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया।

भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रही है पन्ना जिला प्रशासन

भाजपा एवं जिला प्रशासन ने पन्ना जिले में डर का माहौल पैदा किया: के पी सिंह बुंदेला

लोकतंत्र के विपक्ष की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पाजलि टुडे से खबर

पन्ना- वरिष्ठ समाज सेवक के पी सिंह बुंदेला ने कहा कि पन्ना कलेक्टर से लेकर जिला प्रशासन के विभागीय प्रमुख भाजपा की गुलामी करते देखे जा रहे हैं और एजेंट के रूप में भाजपा के प्रचार- प्रसार गुड़गांन व्यस्त हैं।जब कलेक्टर ही भाजपा के लिए काम करें तो निश्चित ही विभागीय अधिकारियों का वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश मानना ही पड़ेगा। श्री बुंदेला द्वारा आगे कहा गया कि जिला कलेक्टर ने अमानगंज भाजपा की विकास यात्रा पर जो वक्तव्य दिए हैं वह घोर आपत्तिजनक है प्रशासकीय बॉडी को शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार

करना चाहिए ना कि भाजपा एजेंट के रूप में काम करें? पन्ना कलेक्टर को चुनाव के मामले में हाई कोर्ट जबलपुर से भी निर्देश हुए थे पर कलेक्टर पर कोई असर नहीं हुआ ऐसी जानकारी मिली है कि कलेक्टर पन्ना जनसुनवाई मंगलवार को भी भाजपा पार्टी के एजेंट के रूप में काम करते हैं पन्ना जिला के ज्यादातर नागरिक गरीबी रेखा के अंतर्गत अपना जीवन यापन कर रहे हैं जो भयभीत हैं जिनकी अलख जगाने वास्ते पूर्व समय में पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने अपने वक्तव्य दिए थे सरकार से लेकर पुलिस प्रशासन ने एफ आई आर दर्ज कर जेल भेज दिया गया जो आज भी जेल में है आदिवासी दलित क्रांति सेना श्री पटेरिया की जमानत का इंतजार कर रहे हैं लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे जिन्हें भाजपा भयभीत नहीं कर सकती गांधीवादी तरीके से पन्ना जिले में लोकतंत्र बचाया जाएगा।श्री बुंदेला द्वारा आगे कहा गया कि पन्ना जिले मैं डर का माहौल बन चुका है कोई भी सच्चाई कहने के लिए सामने नहीं आ रहा यहां तक जिला की प्रमुख पार्टी कांग्रेस केवल राजनीति करने में व्यस्त है विपक्ष के रूप में आंदोलन कर तो रही है पर आंदोलन करने पर निर्णय पाने में असमर्थ है जिसका प्रमुख कारण आंदोलन सुचारू रूप से नहीं चलाया जाता कुछ समय के लिए धरना प्रदर्शन किया और बात खत्म? कलेक्टर को हटाने वास्ते लगातार आंदोलन होने चाहिए पन्ना मैं शासन जनमत देखकर जागेगी तभी पन्ना कलेक्टर का स्थानांतरण हो सकता है उदाहरण स्वरूप राष्ट्रीय किसान आंदोलन।

आज ग्राम बहादुरपुर में लाल सिंह कुशवाहा एवं चतुर सिंह के द्वारा कराई जा रही है

उप संपादक महेंद्र शर्मा

श्रीमद् भागवत श्री सुश्री साध्वी ऊष्मा किशोरी जी के द्वारा भागवत कथा का श्रवण कर श्री डॉक्टर लाखन सिंह कुशवाह जनपद सदस्य और कालीचरण विश्वकर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश के द्वारा श्रीफल सॉल एवं माला भेंट कर श्री किशोरी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया जिस में उपस्थित साथ रहे हरदयाल कुशवाहा लहार हवेली कल्लू कुशवाहा हवेली सुखदीन लहार हवेली आनंद कुशवाहा राजेंद्र कुशवाहा गोटी राम कुशवाहा धनोती नेता धनोटी ने भी किशोरी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया

हाई कोर्ट की टिप्पणी को चरितार्थ कर गए पन्ना कलेक्टरः श्रीकांत दीक्षित

अमानगंज में विकास यात्रा के दौरान भाजपा के पक्ष में लोगों को किया संबोधित,भाजपा एजेंट बने कलेक्टर पन्ना को तत्काल हटाने की मांग

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना - जिले के अमानगंज में दिनांक 08.02.2023 को आयोजित विकास यात्रा की सभा में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कलेक्टर पन्ना संजय मिश्रा ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जिसे लेकर आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य श्रीकांत पप्पू दीक्षित ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया और इस मामले पर क?ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों जबलपुर हाई कोर्ट ने कलेक्टर पन्ना संजय कुमार मिश्र पर टिप्पणी करते हुए उन्हें भाजपा का एजेंट कहा था। आज यह टिप्पणी पूरी तरह सही हो गई है। कलेक्टर पन्ना ने अपने पद की मर्यादा के इतर भाजपा ऐजेंट की तरह सभा को संबोधित किया और लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित किया। जो कहीं से भी सही नहीं है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर ने सभा के दौरान कहा कि '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश की आजादी का 75 वर्ष चल रहा है, 25 साल बाद शताब्दी वर्ष मनाया जायेगा। उनका सपना है कि जब शताब्दी वर्ष हो तब भी यह सरकार रहे। ऐसे में आपको इसी मेहनत के साथ आगामी 25 वर्ष इसी सरकार के साथ बने रहना है। किसी के भटकाने या बहलावे में आने की जरूरत नहीं है।'' श्रीकांत दीक्षित ने कहा कि इस तरह का बयान सीधे तौर पर एक पार्टी विशेष के लिए प्रेरित करना है। जो एक आईएएस स्तर के अधिकारी को कतई शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि इस मामले पर कांग्रेस पार्टी आईएएस एसोशियन को पत्र लिखकर शिकायत करेगी, साथ ही महामहिम राज्यपाल से ऐसे कलेक्टर को तत्काल हटाने की मांग की जायेगी। श्रीकांत दीक्षित ने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के अपने दायित्व हैं। यही लोकतंत्र की शोभा है। लेकिन कलेक्टर पन्ना ने अपने पद में रहते हुए इस तरह एक पार्टी विशेष के पक्ष में पूरी तरह समर्पित भाव से कार्य किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। कलेक्टर पन्ना संजय मिश्रा ने अमानगंज की सभा में जो कहा वे बेहद आपत्तिजनक है। कलेक्टर को ऐसे बयान नहीं देने चाहिए। उन्होंने लोगों को सीधे तौर पर भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित किया है, जो एक आईएएस की पद की गरिमा के विपरीत है।

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र(सीसीआरटी) द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र द्वारा डॉ ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में आज़ादी के अमृत महोत्सव में डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपोजीटरी प्रोजेक्ट अंतर्गत इस कार्यशाला में दमोह जिले की लगभग सभी तहसीलों से 125 ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें शासकीय शिक्षक,शिक्षिकाएं,महाविद्यालयों के प्राध्यापक,साहित्यकार,लेखक, पत्रकार,एवं कवि शामिल हुए,कार्यशाला की शुरुआत विशिष्ठ अतिथियो नरेन्द्र दुबे वरिष्ठ पत्रकार,नरेन्द्र बजाज सांसद प्रतिनिधि ,डॉ अनीता नायक व्याख्याता-हिंदी पी जी महाविद्यालय,डॉ प्रेमलता नीलम वरिष्ठ पत्रकार,राजकुमार सिंह ठाकुर सहायक निज सचिव द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई,जिसमे प्रमुख रूप से दिल्ली मुख्यालय से पधारे,क्षेत्रीय केंद्र,दमोह के प्रभारी उपनिदेशक डॉ राहुल कुमार ने कार्यशाला की प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत किया,तत्पश्चात कार्यशाला में पधारे वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने अपने वक्तव्य में दमोह जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में बताया,वही कार्यशाला के प्रथम सत्र में उप निदेशक डॉ राहुल कुमार ने डी डी आर प्रोजेक्ट से विस्तार पूर्वक सभी को अवगत कराया,पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया की संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूरे देश से ऐसे लोगों के ऊपर कहानी संकलन किया जा रहा है जिन्होंने कहीं न कहीं आजादी के आंदोलनों में अपना योगदान दिया है। लेकिन उनके बारे न तो कहीं लिखा गया न ही बताया गया, डॉ राहुल कुमार ने कहा की आने वाली पीढ़ी को हमारे देश के सही इतिहास से अवगत कराने की जिम्मेदारी हम सभी की है।उन्होंने बताया की किस तरह से हमे आजादी के अमृत महोत्सव की वेबसाइट पर अपलोड करना है। वही द्वितीय सत्र में डीआर पी पुष्पेंद्र राठौर एवं सीसीआरटी के अधिकारियों एवं प्रतिभागियों द्वारा इस कार्य को किस प्रकार से किया जाना किन बातों का ध्यान रखें किस विधि से इसे सफल बनाया जाये।इस पर विशेष चर्चा और प्रश्नोत्तरी सत्र रखा गया। सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला में भाग लेने का प्रमाणपत्र वितरण किया गया। अंत में कार्यक्रम अनुसार दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने का प्रण लेकर सीसीआरटी द्वारा सफल कार्यक्रम हेतु सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

धारदार हथियार से किया पत्नी पर अनेकों वार, फिर रेंत दिया गला

हत्यारे पति को न्यायालय में पेश कर लिया पुलिस रिमांड पर

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट लांजी- लांजी अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अमेड़ा (ब) में पदस्थ शिक्षिका सरला पटले बावपकर की धारदार हथियार से हत्या किये जाने का मामला सामने आया है। घटना 9 फरवरी के रात्रि 7 से 7-30 बजे की बताई जा रही है, शिक्षिका सरला पटले बावनकर शासकीय स्कूल अमेड़ा के ही पास निवास करती थी जिसके उसके पति दुर्गाप्रसाद बावनकर से विगत कुछ समय से अनबन थी शिक्षिका के साथ उसकी एक बेटी 9 वर्ष की निवास रत थी एवं दुसरी बेटी 15 वर्ष बालाघाट मे शिक्षा ग्रहण कर रही है। 9 फरवरी को शिक्षिका पति दुर्गांप्रसाद बावनक बालाघाट से बस से आया अमेड़ा तक जहां शिक्षिका के निवास पंहुचकर पति एवं पत्नि में कुछ अनबन हुई, रात्रि मे करीब 7 से 7-30 बजे के मध्य आरोपी दुर्गा प्रसाद बावनकर चाकू लेकर घर मे घुसा, पिता के हाथ मे चाकू देखकर बेटी मदद के लिये बहार निकली उतने मे ही निर्दयी पति ने घर का दरवाजा बंद किया दरवाजे बंद करके अपनी पत्नि सरला बावनकर के साथ झगड़ा किया तथा पहले से ही हाथ मे एक धार दार चाकू लेकर पहले पेट मे एवं शरीर के अन्य स्थानो पर 4 से 5 बार वार किया तथा अंत में पत्नि का गला रेत दिया जिससे महिला की मौका स्थल पर ही मृत्यु हो गई, झगड़ा फसाद एवं विवाद की आवाजे सून स्थानीय लोगो ने घटना स्थल के मकान को खिड?ी से झाक कर देखा तो महिला खुन से लथपथ नीचे चीत अवस्था मे पड़ी है उसका पति दुर्गाप्रसाद बावन महिला के पास धार दार हथियार लेकर खड़ा है तथा लोगो को भी

धमका रहा था कि कोई अंदर आया तो उसको जान से खत्म कर दूंगा, जिस पर स्थानीय लोगो ने बहेला पुलिस को सूचना दी, मौके पर लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, बहेला थाना प्रभारी दिनेश भांवर, उपनिरीक्षक विजय सनस सहित बहेला एवं लांजी पुलिस बल पंहुचा, घटना स्थल का मुआयना किया तथा दरवाजा तोड?र घर के अंन्दर दाखिल हुये, आरोपी को बातों मे उलझाकर थोडी हिकमत अमली के साथ आरोपी को हथियार समेत हिरासत मे लिया तथा आरोपी को बहेला पुलिस थाना ले जाया गया, इस दौरान जनता भी आक्रोशित नजर आई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिये ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या कारित किये जाने का मामला दर्ज किया है, किन कारणो से हत्या की गई है विवेचना मे पुलिस खुलासा करेगी।

आरोपी पति को हिरासत मे लेकर किया न्यायालय मे पेशी 3 दिन की गई रिमाण्ड -शिक्षिका सरला पटले बावनकर की हत्या मामले मे बहेला पुलिस के द्वारा घटना दिनांक को ही आरोपी पति को हिरासत मे ले लिया गया था, तथा प्रार्थी के कथन के आधार पर शिक्षिका के पति दुर्गाप्रसाद बावनकर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 7/23 धारा 302 ताहि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है, जिसे 10 फरवरी को उक्त अपराध के तहत माननीय न्यायालय मे पेश किया गया तथा 3 दिन की रिमाण्ड ली गई है इस पूरे प्रकरण की लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के मार्गदर्शन मे विवेचना बहेला थाना प्रभारी के द्वारा की जा रही है।

भीम आर्मी कोलारस की टीम पैदल यात्रा भोपाल के लिए रवाना

अरुण कुशवाह पुष्पांजलि टुडे न्यूज

भोपाल में होने वाले 12 तारीख के आंदोलन के लिए पैदल भीम आर्मी कोलारस की टीम भोपाल के लिए निकल गई हैं यात्रा अशोकनगर पहुँच गई हैं 12 तारीख को आंदोलन में शामिल होंगे

अबैध शराब माफिया के विरूद्ध शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही

जगदीश पाल रिपोर्टर
खनियाधाना

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल एवं श्रीमान अतिरिक?त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में श्रीमान एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में अबैध शराब माफिया के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, इसी क्रम में आज दिनांक 09.02.2023 को थाना प्रभारी बामौरकलां उनि0 पुनीत वाजपेई के नेतृत?व में का0उनि0 रंगलाल मेर, प्रआर0 15 रघुवीर सिंह पाल, आर0 568 सुनील योगी, आर0 598 अर्जुन जाट, आर0 584 गोरे जादोन, आर0चा0 1029 मोहित शर्मा द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर से ग्राम पिपरा में आरोपी सौरभ बु-?देला के खेत के पास नाले से हाथ भट्ठी की बनी कच्ची शराब एक नीले रंग के ड्रम में 80 लीटर कीमती 8000 रूपये की जप्?त की गई है। एवं मौके पर से 12 ड्रम गुड लाहन नष्ट किया व मौके पर भट्ठी नष्ट की गई जिसकी कीमत 20000 रूपये होगी। आरोपी सौरभ बु-?देला निवासी पिपरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक?त कार्यवाही में थाना प्रभारी बामौरकलां उनि0 पुनीत वाजपेई, का0उनि0 रंगलाल मेर, प्रआर0 15 रघुवीर सिंह पाल, आर0 568 सुनील योगी, आर0 598 अर्जुन जाट, आर0 584 गोरे जादोन, आर0चा0 1029 मोहित शर्मा के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

पशु चिकित्सा अधिकारी ने तुरंत ही एक फोन पर किया सहयोग

जगदीश पाल रिपोर्टर
खनियाधाना

शिवपुरी/पिछोर-पशु चिकित्सा अधिकारी उनको जानकारी दी गई की एक गाय का बछड़ा लभेडा तिराए जिओ टावर के पास 2 दिन से तड़प रहा है ऐसी स्थिति में पशु चिकित्सा अधिकारी को जानकारी दी गई तब उनकी द्वारा बताया गया कि मैं वर्तमान में ग्राम विकास यात्रा में चल रहा हूं लेकिन मेरी अनुपस्थिति में मैं फोन किए देता हूं आपके यहां पर हमारे यहां के कर्मचारी बछड़े के इलाज के लिए शीघ्र ही पहुंच जाएंगे इसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा दोबारा फोन आता है कि क्या हमारे कोई कर्मचारी अस्वस्थ बछड़े के पास पहुंच चुके है तब वहां पर देखा गया की बछड़े का इलाज पशु विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है और यह पूरा घटनाक्रम सिर्फ 15 मिनट में ही देखने को मिला और कुछ मोहल्ले के लोगों ने तत्परता दिखाते हुऐ पिछोर गोशाला कर्मचारियों को भी अवगत कराया गया और जब वहां पर देखा गया तो बछड़े की हालत में इलाज के बाद काफी सुधार देखा और कुछ समय बाद बछड़ा वहां से जो उठ नहीं सकता था तब उसने रोटी खाना शुरु कर दिया एवं पानी भी पिया और वह उठ कर खड़ा हो गया और गौशाला के कर्मचारी मोहल्ले वालों के सहयोग से वहां पर गौशाला में लेकर चले गए जिस प्रकार से पशु विभाग के चिकित्सा अधिकारी द्वारा शीघ्र इलाज मुहैया कराया गया अगर वास्तव में इसी प्रकार से हर एक विभाग में हर एक कर्मचारी अधिकारी अगर अपना कर्तव्य का निर्वाहन करना शुरू कर दें तो मुझे लगता है कि लोगों को कहीं पर ना तो भटकना पड़ेगा ना परेशान होना पड़ेगा ऐसे पशु चिकित्सा अधिकारी एवं उनके कर्मचारियों और गौशाला के कर्मचारियों का प्रशंसा करते हुए मोहल्ला के लोगों ने आभार व्यक्त किया

शिवराज सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर निकाल रहे हैं विकास यात्राः कमलनाथ

शिवपुरी के बैराड़ में आयोजित आमसभा से पहले पत्रकारों से चर्चा में पूर्व सीएम कमलनाथ ने लगाए आरोप

शिवराज की विकास यात्रा नहीं, यह निकास यात्रा है- कमलनाथ

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम कमलनाथ ने आरोप लगाए हैं कि मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर इस समय विकास यात्रा निकाल रहे हैं। इस विकास यात्रा के जरिए शासकीय तंत्र, पैसे और साधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। जनता उनके साथ होती तो सरकारी पैसे से यह विकास यात्रा उन्हें नहीं निकालनी पड़ती।कमलनाथ ने कहा कि यह शिवराज की विकास यात्रा नहीं है बल्कि उनकी निकास यात्रा है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने यह बात शिवपुरी जिले के बैराड़ में कांग्रेस की आमसभा से पहले पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही।बैराड़ में पत्रकारों से चर्चा में कमलनाथ ने आरोप लगाए कि मध्यप्रदेश में नौजवानों को रोजगार नहीं है नौकरी नहीं है। आज नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान मेरे 15 महीने के कार्यकाल का हिसाब मांग रहे हैं जबकि 190 महीने शिवराज सरकार रही। वह अपने कार्यकाल का हिसाब क्यों नहीं देते। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज के पास आज हिसाब बताने के लिए कुछ नहीं है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश में शासकीय धन का दुरुपयोग किया जा रहा है मीडिया इवेंट के जरिए कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इन्वेस्टर्स मीट में लाखों करोड़ों रुपया खर्च कर दिया गया लेकिन कोई इन्वेस्टमेंट नहीं आया। पूरे देश में जितना इन्वेस्टमेंट आता है उसका मात्र 30 पैसे इन्वेस्ट मध्य प्रदेश में होता है। कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में इन्वेस्टर्स का विश्वास नहीं है क्योंकि जहां कोई विकास नहीं है इन्वेस्टर्स के लिए कोई सुविधा नहीं है।

दूसरी पार्टी से आने वाले नेताओं को टिकट का कोई आश्वासन नहीं-बैराड़ में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कमलनाथ ने कहा कि भाजपा या अन्य कोई पार्टी से जो बाहरी नेता कांग्रेस में आ रहे हैं उन्हें पार्टी द्वारा टिकट दिए जाने का कोई आश्वासन नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय संगठन यह तय करेगा कि किसे टिकट दिया जाएगा। कमलनाथ ने कहा कि स्थानीय संगठन की सिफारिश पर ही कांग्रेस का टिकट मिलेगा।

मैंने कभी नहीं कहा कि मैं सीएम पद का दावेदार हूं- मीडिया कर्मियों से बातचीत में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि वे उन्होंने कभी नहीं कहा कि वह सीएम पद के दावेदार हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मध्यप्रदेश का भविष्य सुरक्षित रखना है इसलिए वह मध्यप्रदेश में कांग्रेस की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहला उद्देश्य मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना है। ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस विधायक जिताना है इसके बाद यह तय किया जाएगा कि कौन सीएम होगा। उन्होंने कहा कि मेरे दिग्विजय सिंह, अरुण यादव, अजय सिंह से कोई विवाद नहीं है। मेरे साथ में हमेशा दौरे में वह लोग साथ रहते हैं कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है।

बीएसपी नेता कैलाश कुशवाह कांग्रेस में हुए शामिल- बहुजन समाज पार्टी के नेता कैलाश कुशवाह ने शुक्रवार को कमलनाथ के बैराड़ दौरे के दौरान कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व सीएम कमलनाथ ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कैलाश कुशवाह को कांग्रेस में शामिल किया। कैलाश कुशवाह बहुजन समाज पार्टी के नेता रहे हैं और दो बार और पोहरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं।

यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ का 12 फरवरी को प्रदेश के समस्त जिलों में होगा धरना प्रदर्शनःजनक सिंह रावत

अनिल कुशवाह प्रभारी

पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी – न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ राष्ट्रीय सयोंजक जनक सिंह रावत,मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तिवारी के आह्वान पर मध्यप्रदेश के सभी जिलों मै जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया संगठन प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्षों,प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों ब्लॉक अध्यक्षों एवं सभी कर्मचारियों से अपील करता है धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाएं,शिवपुरी मै जिलाधीश कार्यालय के सामने जिले के एनपीएस अधिकारी कर्मचारी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सत्याग्रह आंदोलन करके पुनः मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत के नेतृत्व में सरकार से मांग की जाएगी कि प्रदेश मै पेश होने वाले बजट सत्र में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन की मांग इसी बजट सत्र में पूरा किया जाए। प्रदेश में पांच लाख एनपीएस अधिकारी कर्मचारी है, जो नवीन पेंशन योजना से पीड़ित हैं, हमारे संघ का नारा समूचे प्रदेश में गूंज रहा है, पेंशन नहीं तो वोट नहीं। 12 फरवरी को प्रदेश के सभी जिलों मैं धरना प्रदर्शन किया जाएगा संगठन जिले के समस्त एनपीएस प्राप्त कर्मचारियों अधिकारियों संगठनों से अपील करता है अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम को सफल बनाएं अपील करने वालों में जनक सिंह रावत, वीरेंद्र रावत, राजेश सोनी, बालूराम रावत, सुल्तान आदिवासी, गिर्राज शुक्ला, विनय सिंह, संदीप कुलश्रेष्ठ,संतोष श्रीवास्तव,मुकेश रावत,गजेंद्र सिकरवार,नीरज मिश्रा,बसंती शर्मा,दीपक माझी,रेनू शर्मा, रेखा शर्मा, मेघा गुप्ता,अनीता राठौर,मनोरमा सरैया सुरेश रावत कैलाश चंद्र वर्मा, दिनेश शर्मा,राजेश सेन, निलेश श्रीवास्तव, नीलम गुर्जर, गोविन्द रावत ने अधिक से अधिक संख्या मै कर्मचारियों से उपस्थिति होने की अपील की है

नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक गुप्ता के निर्देशन में वर्ष 2023 की 11 फरवरी को आयोजित होने वाली प्रथम नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से आज बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अर्चना सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार चड़ार, अधिवक्ता, पैरालीगल वालेंटियर्स आदि उपस्थित थे।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायालयों में ब?ते मुकदमों की संख्या को कम करने हेतु वैकल्पिक समाधान योजना लागू की गई है। जिसके अंतर्गत लोक अदालत आयोजित की जाती है। लोक अदालत के अंतर्गत उभयपक्ष को स्वीकार समाधार मिलता है और अंतिम रूप से मामले का निराकरण हो जाता है। त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय की परिकल्पना लोक अदालत से चरितार्थ होती है और इसी क?ी में 11 फरवरी को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें शिवपुरी जिले में 27 खण्डपीठ गठित की गई है। इन खण्डपीठों में राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इन खण्डपीठों में पीठासीन अधिकारी के अलावा एक अधिवक्ता और एक पैरालीगल वालेंटियर सदस्य के रूप में मनोनित किए गए है। इस अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरण, विद्युत प्रकरण, न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य दीवानी मामले, चेकबाउंस, ऐसे अपराध जो क्षमनीय है, जो न्यायालय की अनुज्ञा से या पक्षकार के विकल्प पर राजीनामा योग्य प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेषकर लोक अदालत में निराकृत हुए मामलों का रिविजन नहीं होता है और यदि पक्षकार कोई न्यायशुल्क अदा करता है तो वह शुल्क भी उसे रिफण्ड की जाती है। चेकबाउंस के मामलों में राजीनामा होने पर भी बहुत ही कम रूपए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराई जाती है। ऐसे राजीनामा जो विधि की परिधि में आते है उन सभी मामलों पर लोक अदालत की मोहर लग जाती है और उसमें जो निर्णय पारित किया जाता है वह अंतिम होता है। उन्होंने आमजन एवं पक्षकारों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण् कराएं।

विधानसभा क्षेत्र भांडेर में यशस्वी विधायक श्रीमती रक्षा संतराम सरोनिया ने

संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट

विकास यात्रा के पांचवे दिन ग्राम पंचायत खिरिया घोंघू, ग्राम पंचायत राधापुर ,ग्राम पंचायत भीटौरा के ग्राम स्यारी,ग्राम पंचायत इमलिया , ग्राम भिटौरा पहुंच कर जनसंपर्क किया एवम ग्रामीणों की समस्याओं को सुना,ग्राम पंचायत बीकर , ग्राम पंचायत बुहारा में आमसभा एवम समस्त ग्रामों में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया ।

निम्न कार्यों के भूमि पूजन एवम लोकार्पण किया गया जो निम्न प्रकार है

ग्राम पंचायत खिरिया घोंघू के ग्राम संदलपुर में तालाब निर्माण लोकार्पण लागत 10.50 लाख

ग्राम पंचायत खिरिया घोंघू के ग्राम संदलपुर में सीसी रोड भूमि पूजन लागत 4.75 लाख

ग्राम पंचायत खिरिया घोंघू के शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में पेवर्स ब्लॉक भूमि पूजन लागत 5लाख

ग्राम पंचायत खिरिया घोंघू के ग्राम ककरौआ में परिसर में पेवार्स ब्लॉक भूमि पूजन लागत 3.75 लाख

ग्राम खिरिया घोंघू में स्टाप डेम लोकार्पण लागत 10.54 लाख

ग्राम पंचायत खिरिया घोंघू के ग्राम ककरौआ में सीसी एवम नाली निर्माण लोकार्पण लागत 5 लाख

ग्राम पंचायत राधापुर में गौ शाला लोकार्पण लागत 27.72 लाख

ग्राम पंचायत राधापुर में आंगनवाड़ी जीर्ड्डोद्वार लागत 2 लाख

ग्राम पंचायत भिटौरा के ग्राम स्यारी में शांतिधाम बाउंड्रीवॉल भूमि पूजन लागत 4 लाख

ग्राम पंचायत भिटौरा के ग्राम स्यारी में सीसी रोड लोकार्पण लागत 9 लाख

ग्राम पंचायत इमलिया में हनुमान मंदिर के पास रपटा निर्माण भूमि पूजन लागत 20 लाख

ग्राम पंचायत इमलिया मेंभूमि पूजन उपस्वास्थ केंद्र लागत 43.81 लाख

ग्राम पंचायत इमलिया के ग्राम मोहनपुर में बाउंड्रीबल एवं पेवर्स ब्लॉक निर्माण भूमि पूजन लागत 15 लाख

ग्राम पंचायत इमलिया के ग्राम दवारी घाट में बाउंड्रीबल एवं पेवर्स ब्लॉक निर्माण भूमि पूजन लागत 15 लाख

ग्राम पंचायत इमलिया के ग्राम दवारी घाट में सीसी रोड लोकार्पण लागत 6.23 लाख

ग्राम पंचायत इमलिया में सीसी रोड लोकार्पण लागत 7.82 लाख

ग्राम पंचायत बीकर में कॉमर्शियल कॉम्लेस भूमि पूजन लागत 3.45 लाख

ग्राम पंचायत बीकर में एंटीग्रेटेड ड्रेनेज सिस्टम एवम सीसी रोड लोकार्पण लागत 5.54 लाख

ग्राम पंचायत बुहारा में उपस्वस्थ केंद्र का लोकार्पण लागत 45 लाख

ग्राम पंचायत बुहारा में सीसी रोड भूमि पूजन लागत 4.72 लाख

ग्राम पंचायत बुहारा में पेवर्स ब्लॉक निर्माण लोकार्पण लागत 94 हजार का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया । साथ में प्रत्येक पंचायत संत शिरोमणि रवि दास जी की जयंती धूम धाम से मनाई गई ।साथ मे भाजपा जिला महामंत्री अनूप जी यादव, अनुविभागीय अधिकारी भांडेर इकबाल मोहम्मद,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामजी खरे , मोहन पटवा ,राकेश गुप्ता ,भाजपा जिला मंत्री जीतू दांगी ,भाजपा मंडल अध्यथ रेसू दांगी,भाजपा मंडल अध्यक्ष उनाव भज्जू राय , मंच संचालन ब्रजेंद्र उपाध्याय,रामकुमार निरंजन,वरिष्ठ नेता रमेश सेन ,सरपंच विपिन दांगी , उप सरपंच राहुल दांगी, सरपंच संतोष अहिरवार ,सरपंच राजेंद्र प्रसाद पाठक,सरपंच शैलेश दांगी,सरपंच बलराम दांगी,शशि बरेठिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जग्गन शर्मा ,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राममिलन दांगी,महामंत्री मनोज परिहार, महामंत्री सुलतान परिहार,अरविंद दांगी, संतोष दांगी,त्रिलोक सिंह दांगी,गोविंद सिंह दांगी,दसरथ दांगी,नरेंद्र तिवारी ,सुरेश परिहार एवम देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

संभागायुक्त ने मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं को लेकर की बैठक

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

शिवपुरी, संभागायुक्त दीपक सिंह ने मेडिकल कॉलेज में डीन और अन्य स्टाफ के साथ व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक की। बैठक में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी भी मौजूद थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर के बी वर्मा ने संभागायुक्त को व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कैंपस में विद्युत व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। मरीजों को प्रतिदिन खाने की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इसके अलावा रेलिंग लगवाने के लिए एस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। वाटर कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बाहर आने जाने वाले परिजन के लिए कैंपस के बाहर शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस व स्मार्ट क्लासेस की भी जानकारी ली।

कम बात करने वाले छात्र की गर्दन पर शिक्षिका ने दाग दी जलती माचिस की तिल्ली पालक एवं ग्रामीण हुए आक्रोशित स्कूल पर जड़ा ताला

संवाददाता हेमचंद नागेश

मैनपुर। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकास खंड मैनपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला लधवापारा में बीते 24 जनवरी को स्कूल की शिक्षिका ने छात्र के गर्दन को माचिस की तिल्ली से दागने का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर शाला प्रबंधन समिति एवं पालकगण मैनपुर पहुंचकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत करते हुए स्कूली बच्चे के गर्दन को माचिस की तीली से दागने वाले शिक्षिका पर कार्यवाही करने की मांग किया था तब शिक्षा विभाग द्वारा 27 जनवरी को उक्त शिक्षिका को नोटिस जारी करने के एक पखवाड़े बाद भी कारवाही नहीं करने से नाराज पालक और ग्रामीणों ने आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे ही शासकीय प्राथमिक स्कूल के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। नारेबाजी करने लगे तथा जब तक दोषी शिक्षिका पर कारवाही नहीं किया जाता तब तक स्कूल में तालाबंदी के साथ आंदोलन करने की बात कहते हुए स्कूल के सामने ही धरना प्रदर्शन करने लगे। मामले की जानकारी लगते ही तत्काल विकास खंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल मैनपुर से ग्राम लधवापारा शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे और ग्रामीणों, पालको को समझाया कि बच्चे को माचिस की तीली से दागने वाली शिक्षिका पर विभाग द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है। ग्रामीणों को काफी समझाने के बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला दोपहर को खोला साथ ही ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि यदि उक्त शिक्षिका पर तत्काल कारवाही नहीं किया गया तो मैनपुर विकासखंड शिक्षा कार्यालय में पहुंचकर घेराव करेंगे तथा धरना प्रदर्शन करेंगे।छात्र बबरु यादव का कहना है शिक्षिका ने बबलू यादव को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में गाना गाने के लिए बोला गया था जिससे बबरु यादव ने मना कर दिया जिससे शिक्षिका क्रोधित होकर छात्र बबरु यादव को माचिस की तिल्ली से उसकी गर्दन पर दाग दी छात्र-छात्राएं का कहना है कि शिक्षिका सविता जोशी छात्रों को दीवाल से भी पटक कर मारता है जिससे छात्र-छात्राएं स्कूल आने के लिए पूरी तरह डर गए हैं छात्र-छात्राएं ने कहा जब तक शिक्षिका पर उचित कार्यवाही नहीं होगी तब तक हम स्कूल प्रवेश नहीं करेंगे कह कर कुछ नारेबाजी लगाई।

किया कहते हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारी-मैनपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश कुमार पटेल ने बताया आज शुक्रवार को ग्राम लधवापारा शासकीय प्राथमिक शाला में पालकों और ग्रामीणों ने ताला लगाकर नारेबाजी करने लगे साथी बच्चे के गले को माचिस की तीली से दागने वाली शिक्षिका पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया इसकी जानकारी लगते ही तत्काल स्कूल में पहुंचकर स्कूल का ताला खुलवाया गया है और संबंधित शिक्षिका के खिलाफ जांच रिपोर्ट जिलाशिक्षा अधिकारी गरियाबंद को सौंपा जा चुका है जल्द कार्यवाही किया जाएगा।गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक से शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों की शिकायत किया जाएगा। लगातार उक्त ग्राम के ग्रामीणो द्वारा शिकायत करने के बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते अब तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों द्वारा ग्रामीणो को आन्दोलन करने बाध्य किया जा रहा है। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल स्कूलों में लगातार व्यवस्था बिगड़ती जा रही है लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

राजिम मेला में दुकानों से समान चोरी करने वाला गिरफ्तार

चोरी की मोटर सायकल के साथ 2 आरोपी पुलिस की गरफ्त में , सीसीटीवी की मदद से पहुंचे आरोपी के पास

संवाददाता हेमचंद नागेश

राजिमः- राजिम माघी पुन्नी मेला में लगातार मोटर साइकिल व अन्य समानो की चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। जिस पर उप महानिरीक्षक /पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम कामले जी के निर्देशन में एडिशनल एसपी चंद्रेश ठाकुर व एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक जी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर जिला पुलिस प्रशासन ने तत्काल पहल करते हुए राजिम थाना प्रभारी एवं साइबर क्राइम को पुलिस अधिकारियों ने तत्काल निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द आरोपियों को पक?ने का निर्देश दिया था उसी के परिणाम स्वरूप आज एक मोटर साइकिल सिलेंडर व अन्डे का रेक के साथ आरोपी दो आरोपी की गिरफ्तारी हुई है।जानकारी के अनुसार विवेक साहू राजिम मेला में अंडा दुकान संचालित करने के लिए पहुंचा था। कुछ ही मिनटों के

लिए वह दुकान के बाहर गया, इधर मौका देख चोरों ने दुकान में रखे गैस चुल्हा, सिलेण्डर, 270 नग अण्डा और मोटर सायकल पार कर दिया। प्रार्थी ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर आरोपी को पक?ता में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में दो आरोपी छुटकू निषाद और करण यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी नवापारा के रहने वाले हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है। कार्रवाई में उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजीम भारद्वाज ,प्रधान आरक्षक भोज स्पेशल टीम प्रभारी प्रधान आरक्षक अंगत राव बाग, चुडामणि देवता, सतीश यादव जयप्रकाश मिश्रा, आरक्षक यादराम ध्रुव, रवि सिन्हा की सराहनीय योगदान रही

सोनसाय कमार की जिंदगी में एक बिस्तर भी नसीब नहीं



संवाददाता हेमचंद नागेश

छुरा। ब्लॉक मुख्यालय से लगे हुए ग्राम पंचायत लोहझर के आश्रित ग्राम खट्टी के कमार पारा 45 वर्षीय सोनसाय कमार जिनके आगे पीछे कोई नहीं बहुत ही दयनीय स्थिति में अपना जीवन चला रहे हैं जिनके मदद के लिए आज तक कोई अधिकारी नहीं पहुंच पा रहे हैं कोई काम में बुला लेते हैं पैसे मिल जाता है तो अपनी पेट भरने खाना का बंदोबस्त करते हैं कोई दिन पैसे नहीं कमा पाते तो पानी पीकर ही भूखा पेट सो जाते हैं अपने लिए कपड़े लेना तो चाहते हैं लेकिन कपड़े लेने के लिए भी उनके पास पैसे नहीं बच पाते एक ही रूम में जमीन पर सो कर अपना जीवन चला रहे हैं बिस्तर तक भी लेने आज तक पैसा इकट्ठा नहीं कर पाए जमीनों में सोकर जिंदगी बिता दी स्वास्थ्य खराब हो जाने पर हॉस्पिटल जाने के लिए एक साईकिल तक भी नसीब नहीं ऐसे दुखी पीड़ित सोनसाय कमार से मुलाकात करने गरियाबंद जिले के समाजसेवी मनोज पटेल पहुंचे उन्होंने अपने दुख रोते हुए बताया जनप्रतिनिधि हमारी हालचाल जानने सिर्फ चुनाव आने पर ही पहुंचते हैं चुनाव जैसे खत्म हुआ हम जैसे गरीब पीड़ित को भूल जाते हैं हम जैसे गरीबों की याद तब आता है जब चुनाव नजदीक आते हैं हम कमारो का जीवन आज भी बेहाल है।

इधर-उधर की बात न कर, ये बता कोल का पैसा गया किधर : सासंद पाण्डेय

सांसद संतोष पाण्डेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा प्रश्न

सांसद संतोष पांडेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से प्रति प्रश्न करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने किए वादों को आज तक पूरा नहीं कर पायी है और केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को दी जा रही केन्द्रीय योजनाओं का लाभ भी जनता तक पहुंचने नहीं दे रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से प्रश्न करते हुए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 16 लाख मकान बनाना था परन्तु छत्तीसगढ की कांग्रेस सरकार ने राज्यांश नहीं दिया।जिसके कारण आज गरीब आशा में है कि प्रदेश सरकार उस राज्यांश को जल्द जमा करेगी।कब जमा करने वाले हैं कृपया उसकी भी तिथि बताएं। उन्होंने अपना दूसरा प्रश्न पूछते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया की बात कह कर के आप ने राज्यसभा में राजीव शुक्ला, केटीएस तुलसी, रंजीता रंजन को भेजा उन्हें हटा करके बस्तर और सरगुजा के लोगों के प्रतिनिधित्व कर देंगे क्या ? उन्होंने अपना तीसरा प्रश्न करते हुए कहा कि जो कोल का पैसा 540 करोड रुपए तक घोटाला छत्तीसगढ़ में हुआ। जिसमें आइएएस समीर विश्नोई, सुनील अग्रवाल, सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत आपके प्यारेलाल और यह रिश्ता क्या कहलाता है सौम्या चैरसिया जेल के अंदर हैं। 5000 पेज का चार्जशीट कोर्ट में पेश किया है आप वह धन छत्तीसगढ़ के खजाने में कब लाने वाले हैं और इधर-उधर की बात ना कर कोल का पैसा कहा गया यह भी बताएं।

अभी अभी नगर निगम की सब इंजीनियर 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ी

ग्वालियर। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ग्वालियर ने आज नगर निगम ग्वालियर के पार्क विभाग की सब इंजीनियर वर्षा तिवारी को 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये पकड़ा है। यह रिश्वत वर्षा तिवारी नगर निगम मुख्यालय के बाहर ही पार्क का ठेका लेने वाले अतुल सिंह यादव से पहला बिल रूपये 6.70 लाख का पास करने के एवज में ले रही थी। पांच हजार रूपये शिकायतकर्ता यादव उसे कल ही दे चुके थे।जानकारी के मुताबिक नगर निगम के पांच पार्कों के रखरखाव का ठेका सुरेश सिंह यादव और अतुल सिंह यादव ने दो वर्ष के लिये 1 करोड़ 67 लाख रूपये में लिया हैं। जिसका प्रतिमाह रखरखाव बिल ठेकेदार को भुगतान होना था। इस माह भुगतान के लिये आया बिल 6 लाख 70 हजार रूपये का था। जिसके भुगतान के लिये वर्षा तिवारी 10 प्रतिशत राशि की मांग थी, जिसे देने में ठेकेदार ने असमर्थता व्यक्त की जिस पर इंजीनियर वर्षा ने यह राशि घटाकर 8 प्रतिशत उसके बाद उनका काम देखकर 3 प्रतिशत कर दी थी। ईओडब्ल्यू एसपी बिटटू सहगल ने बताया कि पार्क ठेकेदार यादव कल 5 हजार रूपये दे चुका था, आज जैसे ही उसने नगर निगम मुख्यालया के बाहर 15 हजार दिये तो पहले से ही तैयार बैठी ईओडब्ल्यू की टीम ने वर्षा तिवारी को रंगे हाथों दबोच लिया। ईओडब्ल्यू की टीम ने निरीक्षक नीतू गुर्जर, उप निरीक्षक भीष्म तिवारी, योगेन्द्र दुबे, नम्रता भदौरिया शामिल थे। एसपी सहगल ने बताया कि सब इंजीनियर ने प्रतिमाह बिल पास करने के एवज में 20 हजार की राशि तय की थी, जो 24 माह में 4 लाख 80 हजार होती। यह बीस हजार पहले माह के बिल के एवज में ले रही थी। सहगल ने बताया कि निगम सब इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है

होटल, लॉज व धर्मशाला में ठहरने वालों की सूचना पुलिस को देनी होगीः कलेक्टर

ग्वालियर 7 ग्वालियर जिले में स्थित सभी होटल, धर्मशाला व लॉज में ठहरने वाले विदेशी यात्रियों सहित अस्थायी व स्थायी रूप से निवासरत व्यक्तियों एवं कर्मचारियों की जानकारी आईडी प्रूफ के साथ निर्धारित प्रपत्र में संबंधित पुलिस थाने में तत्काल व अनिवार्यतः पहुँचानी होगी। यह जानकारी भेजने की जिम्मेदारी संबंधित होटल, धर्मशाला व लॉज के संचालक व मालिकों की होगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है। जिला दण्डाधिकारी ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि ग्वालियर जिले की परिधि के भीतर स्थित मकान व दुकान मालिकों को भी अपने मकान व दुकान में रहने वाले किराएदार, कर्मचारी व विदेश से आए मेहमानों की सूचना पुलिस को निर्धारित प्रपत्र में देनी होगी। इसी तरह जिले में स्थित सभी विश्वविद्यालय एवं उनके अधीनस्थ महाविद्यालयों में अध्ययनरत बाहरी विद्यार्थियों की जानकारी, फोटो और स्थायी व अस्थायी पते के साथ संबंधित पुलिस थाने को देना अनिवार्य होगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिले में स्थित सरकारी, अर्द्धशासकीय एवं निजी रूप से संचालित प्राइवेट हॉस्टल संचालकों को उनके यहाँ रहने वाले विद्यार्थियों की जानकारी मय आईकार्ड की छायाप्रति के पुलिस द्वारा निर्धारित प्रपत्र में 10 दिन के भीतर संबंधित पुलिस थाने में अनिवार्यत देनी होगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर इस आशय का आदेश जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के तहत दण्डनीय होगा। साथ ही यह आदेश दो माह की अवधि के लिये प्रभावशील रहेगा। ज्ञात हो पुलिस अधीक्षक ने अपने प्रतिवेदन के जरिए ध्यान आकर्षित किया था कि कभी-कभी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद बाहर से आए यात्री, विदेशी मेहमान, किराएदार, घरेलू नौकर व बाहरी छात्र-छात्राएँ गायब हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई में बाधा आती है। इससे बचने के लिये पते सहित यह जानकारी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है

जीत का मंत्र देने बस्तर आ रहे हैं नड्डा : अरुण साव

लोकसभा प्रवास, बैठक, विशाल आमसभा

रायपुर स्टेट ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी। । छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के बस्तर दौरे की जानकारी देते हुए कहा कि श्री नड्डा लोकसभा प्रवास अभियान के तहत भाजपा के जुझारू कार्यकर्ताओं को सफलता का मंत्र देने आ रहे हैं। वे बस्तर से चुनावी शंखनाद करेंगे। श्री साव ने बताया कि 11 फरवरी को

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ के जगदलपुर बस्तर में रहेंगे। जहां वे लोकसभा की कोर कमेटी की बैठक लेंगे। श्री नड्डा सुबह 9 बजे दिल्ली से विशेष विमान द्वारा रवाना होकर पूर्वान्ह 11 बजे सीधे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर बस्तर पहुंचेंगे। सर्वप्रथम जगदलपुर में मां दंतेश्वरी मंदिर में माता का दर्शन करेंगे। मां की पूजा अर्चना के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा भाजपा कार्यालय जगदलपुर पहुंचेंगे और पार्टी की लोकसभा कोर कमेटी की बैठक लेंगे। बैठक पश्चात श्री नड्डा जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री नड्डा जनसभा को संबोधित करने के बाद मां दंतेश्वरी विमानतल जगदलपुर बस्तर पहुंचेंगे और विशेष विमान से रवाना होंगे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए कमर कसकर तैयार है। हमारे राष्ट्रीय नेता कार्यकर्ताओं को संघर्ष में जीत का मार्ग प्रशस्त करने वाला मार्गदर्शन देने आ रहे हैं। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा देश के गृहमंत्री अमित शाह जी कोरबा में विशाल जनसभा को संबोधित कर चुके हैं और कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को पार्टी की विजय के लिए मैदान में उतार चुके हैं। अब हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी बस्तर की धरती पर अपने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के लिए संघर्ष पथ पर विजयश्री का वरण करने हरी झंडी दिखाने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन से पूरे बस्तर में कमल खिलेगा। यह हमारा विश्वास है।

छात्र छात्राएं, स्मार्ट मोबाइल फोन का उपयोग बहुत ध्यान से करे, कन्ही ऐसा न हो कि साइबर फ्राड के कारण, मन की खुशी, गम में बदल जाए डा दीक्षित

पुष्पांजली टुडे
ग्वालियर

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उपलक्ष में एफ पी ए आई ग्वालियर द्वारा के द्वार का एफ पी ए आई के यूथ वालंटिर्स हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा के के दीक्षित ङ्क मनसेवी सचिव एफ पी ए आई ग्वालियर फाउंडर एव लीगल सेल मेंबर , चाइल्ड कंजर्वेशन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया, , अध्यक्षता संस्था की ब्रांच मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित जी ने की । मुख्य अतिथि डा के के दीक्षित ने अपने उद्धबोधन में सभी को राष्ट्रीय चिल्ड्रन दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी,और बच्चों को स्मार्ट मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते समय सजग और सचेत रहना की सलाह दी। डा दीक्षित ने बताया कि, मोबाइल फोन / कंप्यूटर एवम इंटरनेट का उपयोग कर , साइबर क्राइम करने वाले लोगों को, साइबर क्रिमिनल कहते है। डा दीक्षित ने छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बारे मैं बताया कि आप निम्न बातों का विशेष ध्यान रखे । किसी भी वेबसाइट पर अपने डिटेल शेयर न करे,ऑनलाइन पर्सनल डिटेल शेयर करने से बचें, किसी भी तरह के लालच में न पड़ें, फ्री मोबाइल डाटा रिचार्ज के लिए लिंक पर क्लिक न करे, बैंक से काल, अपना एटीएम कार्ड का पिन नंबर किसी को शेयर न करे, मोबाइल पर आया ओ टी पी किसी अनजान व्यक्ति या कॉलर को न दे। किसी अनजान व्यक्ति का पैसा यूपीआई के द्वारा आपके खाते में आता है और वह व्यक्ति कहता कि गलती से आपके खाते में चला गया है और मेरे इस मोबाइल नम्बर पर भेज दे तो ऐसा न करें, वल्कि पैसे वापिस करने के लिए उसे बुलाकर नगद पैसे या बैंक चेक के द्वारा भुगतान करे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह जी ने किया ।कार्यक्रम में, छात्र छात्राओं ने विषय आधारित प्रश्न पूछें जिसका समाधान डा दीक्षित के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्लेसमेंट ऑफिसर श्री पंकज अग्रवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में 50 यूथ वालंटियर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम का अयोजन संस्था के सेमिनार हॉल गोले के मंदिर सेंटर पर किया गया।

मिलेनियम पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा फाइलेरिया दवा का सामूहिक सेवन कराया गया

सत्येंद्र कुमार प्रजापति की पुष्पांजलि टुडे की खबर

देवेंद्रनगर- पन्ना जिले में देवेंद्र नगर अंतर्गत मिलेनियम पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर फाइलेरिया की दवा विद्यालय के स्टाफ सहित समस्त छात्र छात्राओं को भी खिलाई गई एवं जागरूकता प्रदान की गई इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम का संकल्प है कि फाइलेरिया को देश से हटाना है इस उद्देश से लेकर फाइलेरिया की दवा सामूहिक सेवन करने का कार्यक्रम रखा गया है जो 10 फरवरी से लेकर 22 फरवरी तक पूरे जिले में चलाया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम का भरपूर सहयोग हो रहा है7

ईओडब्ल्यू कार्रवाई: रिश्वत लेते पकड़ी गई सब इंजीनियर 24 माह में 4.80 लाख लेती

ग्वालियर। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ग्वालियर ने आज नगर निगम ग्वालियर के पार्क विभाग की सब इंजीनियर वर्षा तिवारी को 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये पकड़ा है। यह रिश्वत वर्षा तिवारी नगर निगम मुख्यालय के बाहर ही पार्क का ठेका लेने वाले अतुल सिंह यादव से पहला बिल रूपये 6.70 लाख का पास करने के एवज में ले रही थी। पांच हजार रूपये शिकायतकर्ता यादव उसे कल ही दे चुके थे।जानकारी के मुताबिक नगर निगम के पांच पार्कों के रखरखाव का ठेका सुरेश सिंह यादव और अतुल सिंह यादव ने दो वर्ष के लिये 1 करोड़ 67 लाख रूपये में लिया हैं। जिसका प्रतिमाह रखरखाव बिल ठेकेदार को भुगतान होना था। इस माह भुगतान के लिये आया बिल 6 लाख 70 हजार रूपये का था। जिसके भुगतान के लिये वर्षा तिवारी 10 प्रतिशत राशि की मांग

थी, जिसे देने में ठेकेदार ने असमर्थता व्यक्त की जिस पर इंजीनियर वर्षा ने यह राशि घटाकर 8 प्रतिशत उसके बाद उनका काम देखकर 3 प्रतिशत कर दी थी। ईओडब्ल्यू एसपी बिटटू सहगल ने बताया कि पार्क ठेकेदार यादव कल 5 हजार रूपये दे चुका था, आज जैसे ही उसने नगर निगम मुख्यालया के बाहर 15 हजार दिये तो पहले से ही तैयार बैठी ईओडब्ल्यू की टीम ने वर्षा तिवारी को रंगे हाथों दबोच लिया। ईओडब्ल्यू की टीम ने निरीक्षक नीतू गुर्जर, उप निरीक्षक भीष्म तिवारी, योगेन्द्र दुबे, नम्रता भदौरिया शामिल थे। एसपी सहगल ने बताया कि सब इंजीनियर ने प्रतिमाह बिल पास करने के एवज में 20 हजार की राशि तय की थी, जो 24 माह में 4 लाख 80 हजार होती। यह बीस हजार पहले माह के बिल के एवज में ले रही थी। सहगल ने बताया कि निगम सब इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

अज्ञात ट्रक कि टक्कर से डीपी गिरी सडक पर, क्षेत्र में छाया अंधेरा

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। शहर के स्टेशन चौराहा पर देर रात अज्ञात ट्रक ने बिजली के खम्बे पर रखी डीपी को टक्कर मार दी जिससे डीपी सडक पर गिर गयी और पूरी रोड पर ऑयल ?ैल गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार दी कि डीपी रोड पर जा गिरी एवं कोई जनहानि नहीं हुई। लोगों द्वारा बताया गया है कि क्षेत्र कि लाइट गोल है और अभी तक विभाग कि ओर से कोई देखने नहीं आया है।

ग्वालियर पूर्व: एक करोड़ 13 लाख लागत के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन

ग्वालियर । विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व में छठवे दिन वार्ड-23 में नदीपार टाल तृप्ति नगर तिराहे से बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल के नेतृत्व में प्रारंभ हुई। इसके बाद नदीपार टाल-राठौर संतर श्रीनगर कॉलोनी, कबीर कॉलोनी से गौतम नगर, 60 फुटा रोड, द्वारिकाधीश कॉलोनी व जगजीवन नगर होते हुए संजय नगर अरब साहब की दरगाह पहुंची। इसके बाद सायंकाल सुरेश नगर मल्टी पर जनसभा एवं चौपाल आयोजन के साथ छठवे दिन की विकास यात्रा का समापन हुआ। विकास यात्रा के दौरान तृप्ति नगर नदी पार टाल में 24 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने भूमिपूजन किया । छठवे दिन इस यात्रा के दौरान वार्ड के अंतर्गत 68 लाख की लागत की 3 स?कों का लोकार्पण, 4 लाख

की लागत का नलकूप खनन का लोकार्पण तथा 42 लाख की लागत के अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया । विकास यात्रा में प्रमुख रूप से म.प्र.बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जयप्रकाश राजौरिया, रामेश्वर भदौरिया, अशोक जादौन, मण्डल अध्यक्ष उमेश भदौरिया, बंटी त्यागी, सत्तन कुशवाह, पूर्व पार्षद शिवराम जाटव, पोहप सिंह जाटव, अर्जुन जाटव, शिवपाल गुर्जर, राजू गुर्जर, राकेश रजक, नरेन्द्र मौर्य, नरेन्द्र खटीक, हरी भगवान रघुवंशी, शिवा त्यागी, श्रीमती पुष्पा तोमर, श्रीमती गीता मेवाफरोश, सीमा माहौर, सरोज पवैया, विनोद जाटव सहित भाजपा के सैंक?ों ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं सहित जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारीगण भी विकास यात्रा में शामिल थे ।

जनसेवा ही मेरा उद्धेश्य है: ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर 7 प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विकास यात्रा के छटवे दिन कहा कि जनसेवा ही मेरा उद्धेश्य रहा है। विकास यात्रा के दौरान भी जनसेवा का ही कार्य किया जा रहा है। यह विकास यात्रा मेरे लिए जीवन दर्शन के समान है। मंत्री तोमर ने विकास यात्रा के दौरान लगभग दो करोड 72 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। उपनगर ग्वालियर के वार्ड 3 में निकली विकास यात्रा का शुभारंभ विनय नगर सेक्टर-4 कोटेश्वर तिराहे से हुआ। मंत्री तोमर ने कहा विकास यात्रा के दौरान विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन-लोकार्पण के साथ-साथ लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित देवी स्वरूप कन्याओं को प्रमाण पत्र एवं शासन की अन्य योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सम्मान के साथ हितलाभ दिए जा रहे है।ऊर्जा मंत्री तोमर ने विनय नगर सेक्टर-3 में विद्युत जोन पर 25 लाख की लागत से बनाये गए विद्युत उपभोक्ता सेवा केन्द्र का लोकार्पण किया तथा 11 लाख 50 हजार रूपये की लागत से बनने जा रहे कंट्रोल रूम हेतु नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि विनय नगर जोन को स्मार्ट जोन बनाया जा रहा है इसके लिए उपभोक्ता सेवा केन्द्र तो बन गया जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण 24 घंटे किया जाएगा। बिल, मीटर खराबी या लाइन की बजह से विद्युत में कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण जल्द से जल्द किया जा सकेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनमोहन पाठक, बृजमोहन शर्मा, पार्षद श्रीमती मंजू दिग्विजय राजपूत, ध्रुव गोतम, व्हीबल सेंगर, नत्थू सिंह कुशवाह, गिर्राज व्यास, बिरजू शिवहरे, इन्द्रमोहन सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक विकास यात्रा के सहभागी बने।

निर्वाचन टीम का अभिनंदन समारोह चेम्बर भवन में आयोजित

ग्वालियर । चेम्बर निर्वाचन-2023 को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज 'चेम्बर भवन में निर्वाचन टीम का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

अभिनंदन समारोह को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर का निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी सी.ए. अशोक विजयवर्गीय, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी सी.ए. अरिवन्द गौ?, सहायक निर्वाचन अधिकारी पीताम्बर लोकवानी, राजीव अग्रवाल व समस्त निर्वाचन टीम का मैं हृदय से अभिनंदन करता हूँ। आपने कहा कि चेम्बर निर्वाचन को हम आगे से 'चयन प्रक्रियाक्क नाम देंगे क्योंकि निर्वाचन में जीत-हार होती है और जीत-दंभ व हार-कुंठा व निराशा का प्रतीक होती है। इसलिए इसे चयन प्रक्रिया लिखा जाना चाहिए। निर्वाचन की सफलता व निष्पक्षता इससे परिलक्षित होती है कि निर्वाचन उपरांत एक भी अपील कार्यकारिणी समिति के समक्ष नहीं आयी है। आपने निर्वाचन टीम से आग्रह किया कि निर्वाचन टीम में सी.ए., कर सलाहकार व एडवोकेट शामिल रहे हैं। हमारी अभिलाषा है कि आप सभी की सेवाओं का लाभ हमें आगे भी प्राप्त होता रहे। निर्वाचन अधिकारी सी.ए. अशोक विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि निर्वाचन शांतिपूर्ण व निर्विवाद रूप से सम्पन्न कराने में सभी प्रत्याशियों, उनके प्रस्तावकों, समर्थकों व समस्त 3142 सदस्यों का योगदान है क्योंकि उन्होंने निर्वाचन की हर प्रक्रिया में हमें अपना सहयोग व समर्थन प्रदान किया। इसके लिए मैं सभी पदाभिलाषियों व समस्त सदस्यों को बधाई देता हूं व उनका आभार भी व्यक्त करता हूं। अभिनंदन समारोह को संयुक्त निर्वाचन अधिकारी सी.ए. अरिवन्द गौ? व सहायक निर्वाचन अधिकारी पीताम्बर लोकवानी द्वारा भी

सम्बोधित किया गया।
अभिनंदन समारोह में चेम्बर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा निर्वाचन अधिकारी-सी.ए. अशोक विजयवर्गीय, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी-सी.ए. अरिवन्द गौ?, सहायक निर्वाचन अधिकारी पीताम्बर लोकवानी जी एवं राजीव अग्रवाल जी व समस्त निर्वाचन टीम का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल एवं आभार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। अभिनंदन समारोह में कार्यकारिणी समिति सदस्यगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478